चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 13 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 146, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैनिक के कटे हाथ को जोड़ने में मिली सफलता 14

भोजपुरी फिल्म 'डंस' की शूटिंग मुम्बई में जारी 13

## कुत्तों ने बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- गांव बहलोलपुर में ईंट भट्ठे के पास हुई घटना, घायल बच्ची ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम



**अमृत विचार :** गांव बहलोलपुर स्थित ईंट भट्ठे के मजदूर की चार साल की बेटी को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। बच्ची को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के टिंकू बहलोलपुर के ईंट भट्ठे पर काम करता है और वहीं परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह टिंकू की पत्नी कमलेश चार वर्षीय बेटी दिव्यांशी को खेत ले गई। वह उसे खेत में बैठाकर पानी लेने के लिए भट्ठे पर आ गई। इस बीच भट्ठा ठेकेदार टीटू ईंट बनाने वाले स्थान की ओर गया तो वहां सात-आठ कुत्ते बच्ची को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके सारे शरीर पर जख्म कर दिए। खून से लथपथ बच्ची को परिजन सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया जहां देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

### बच्ची के गाल का मांस नोच ले गया गीदड़ हालत गंभीर

**चन्दौसी।** बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में अवधेश की तीन वर्षीय बच्ची आरुषी पर गीदड़ ने हमला कर गाल का मांस नोच लिया। हादसे के वक्त परिजन गेहूं की कटाई कर रहे थे, बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर भेज दिया। बच्ची की दादी वीरवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह घरवाले गेहूं की कटाई कर रहे थे। बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। गीदड़ वहां आया और आरुषी पर हमला कर दिया।

## के. कविता 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी घोटाला**



दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सीबीआई और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को आईपीसी की धारा 120-बी के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में) के तहत गिरफ्तार किया।

## इजराइल और ईरान न जाएं भारतीय

नई दिल्ली/तेल अवीव, एजेंसी

- सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव पर सरकार ने दी सलाह

सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान और इजराइल की यात्रा नहीं करने को कहा।

अब और भारतीयों को काम के लिए इजराइल जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले 64 भारतीय श्रमिकों का जत्था महीने की शुरुआत में इजराइल रवाना हुआ था और भारत से 6,000 से अधिक श्रमिकों को अप्रैल और मई में इजराइल जाना था। दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और तेल अवीव से इस तरह की खबरें हैं कि इजराइली बल किसी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सलाह दी है कि अपनी सुरक्षा के बारे में सतर्कता बरतें। उसने कहा कि मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अगले नोटिस तक ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करें। जो ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और पंजीकरण कराएं। कुछ देर बाद इजराइल में भारतीय दूतावास ने भारतीयों से कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें। साथ ही अधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है। उसने कहा कि दूतावास इजराइल के अधिकारियों के साथ संपर्क में है ताकि हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दूतावास ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराने वाले अपने नागरिकों से दिए गए लिंक पर इस प्रक्रिया को पूरी करने को कहा है।







# मोदी बोले-आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

## भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर किया पलटवार

जयपुर, एजेंसी



- बाड़मेर की चुनावी रैली में कहा- देश को कमजोर कर रही है कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के संविधान को केंद्र सरकार के लिए गीता, रामायण, महाभारत एवं कुरान करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। मोदी ने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, सब कुछ हमारे लिए हमारा संविधान ही है। वह सीमावर्ती बाड़मेर में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश-विरोधी ताकतों के साथ खड़ी है। उन्होंने देश को कमजोर करने की कोशिश के लिए विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन पर हमला बोला। रैली का आयोजन बाड़मेर लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में किया गया था। मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी भाइयों के साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आजकल एक पुरानी रेकार्ड बजा रही है। जब भी चुनाव आता है संविधान के नाम पर झूठ बोलना ''इंडी एलायंस'' के सभी साथियों का फैशन बन गया है। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, जिसने बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया... जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी है जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। इन कांग्रेस वालों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। संसद में उनका भाषण है। क्या यह बाबा साहब और संविधान का अपमान है या नहीं? इतना ही नहीं यह मोदी ही है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा,'' इसलिए बाबा साहब और संविधान का अपमान करने वाले कांग्रेस एवं इंडी अलायंस के झूठों से, उनकी गप्पबाजी से सावधान रहने की जरूरत है। ...और कांग्रेस वाले सुन लें कि ये 400 सीट की बात जनता ने इसलिए की है क्योंकि आपने दस साल संसद में मुझे अच्छे काम करने से रोकने की लगातार कोशिश की। इसलिए देश आपको सजा देना चाहता है। और उसने साफ कर देने का मन बना लिया है।

### राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा :मोदी

**उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)।** अयोध्या में राम मंदिर को भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भाजपा का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ''यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, ''यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है।

**अखिलेश ने किया भाजपा पर सियासी हमला**

## किसानों पर थार चढ़ाने वालों को दिया जा रहा सम्मान

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)



- पूरनपुर की जनसभा में कहा- यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों के पक्ष में थे, नौजवानों की बात उठा रहे थे और किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ रहे थे, उन्हें तो भाजपा ने पीछे कर दिया। सुनने में आया है कि उन्हें तो मंच पर भी जगह नहीं मिल रही। जो किसानों पर थार चला रहे थे उन्हें सम्मान दे दिया गया। भाजपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जो 14 में आए थे, अब 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे।

पूरनपुर में शुक्रवार को हुई चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि पीलीभीत सीट पर गठबंधन प्रत्याशी भगवतसरन गंगवार से भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। बड़े नेताओं से लेकर लखनऊ तक के नेता पीलीभीत के चक्कर काट रहे हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही घबराहट के चलते उनके चेहरे पीले पड़ जाते हैं। उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को भी उठाया। भाजपा को अपनी हार नजर आने लगी है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को लेकर कहा कि कोई नया आया है प्रत्याशी, जो कह रहा है कि हमें अगर पहले पता होता कि चुनाव लड़ना है तो हम मुंबई बना देते पीलीभीत को। ये कौन सी बात है भाई? हम उनसे कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई का जो काम होता है थोड़ा वही करके दिखा दो यहां पर। बोले- ये कई दल घूम आए हैं। इन्हें सड़क मंत्री बना दिया गया है। पीलीभीत की सब सड़कें गड्ढा मुक्त हो गईं क्या? चुनाव बाद पता नहीं कहां चले जाएंगे ये। जो मंत्री होता है उसका सांसद बनकर दिल नहीं लगता है। अखिलश ने कहा कि इन्होंने कोरोना में थाली और ताली बजवाई थी। इसी तरह से बीजेपी की गारंटी नहीं ये घंटी है।

**एक नजर**

### नामांकन को मनमाने तरीके से रद करने पर रोक के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद करने में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने प्रयोग पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 36 में चुनाव के दौरान आरओ द्वारा नामांकन पत्रों की जांच किए जाने का प्रावधान है और इस अधिनियम की उपधारा चार में कहा गया है कि आरओ किसी नामांकन पत्र को किसी ऐसी त्रुटि के आधार पर रद नहीं करेगा जो गंभीर प्रकृति का नहीं हो।

### शिक्षक भर्ती घोटालों में 365 की संपत्ति कुर्क : ईडी

**नई दिल्ली।** ईडी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत अब तक 365 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त करने के लिए धन शोधन रोधी कानून के तहत एक नवीनतम आदेश जारी किया है।

## पत्नी को विदा नहीं किया तो ससुर को गोली मार दी

संवाददाता, रौसरकोठी/शाहजहांपुर



- वृद्ध की मौके पर ही मौत आरोपी के भांजे को पकड़ कर पीटा

**अमृत विचार :** पत्नी को विदा न करने पर युवक ने ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी। लोगों ने घटना के बाद आरोपी के भांजे को पकड़कर पीट दिया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी के सालिगराम (66) राजकीय मेडिकल कॉलेज में रिटायर्ड सफाई कर्मी थे। गुरुवार शाम पांच बजे वह बड़ी बेटी लक्ष्मी के ससुराल रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र गांव लालबाग चौड़ेरा गए थे, जहां शुक्रवार शाम चार बजे सालिगराम दरवाजे पर खड़े थे। थाना सदर बाजार के मोहल्ला खिरनीबाग निवासी खुशबू का पति संजय अपने भांजे नुकुल के साथ वहां पहुंचा और पत्नी को विदा करने के लिए कहा। सालिगराम के मना करने पर कहासुनी होने लगी तो संजय ने तमंचा निकालकर सालिगराम को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। संजय वहां से भाग गया। लोगों ने आरोपी के भांजे को पकड़कर पिटाई के बाद गेट से बांध दिया। एएसपी ने कहा मामले की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला**



एनआईए की गिरफ्त में आरोपी।

- पहचान बदल कर कोलकाता में रह रहे थे दोनों आरोपी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा के कोलकाता स्थित एक ठिकाने पर होने की जानकारी के बाद टीम ने उन्हें दबोचा। शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

कोलकाता की अदालत ने बेंगलुरू कैफे विस्फोट मामले के दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया और एनआईए को उन्हें पूछताछ के लिए कर्नाटक ले जाने की अनुमति दे दी।

अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों के होने का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे। एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

## खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार

- आतंकवादियों ने अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता कराई थी मुहैया

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पंजाब के डीजीपी ने कहा कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है। प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रहता था इसलिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया। बुधवार को, दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने की सूचना दी, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। अतिरिक्त महानिरीक्षक एसएसओसी, अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी प्रभप्रीत 2017 में वैध वीजा पर पोलैंड गया था, और 2020 में सड़क मार्ग से जर्मनी चला गया। जर्मनी में स्थायी निवास प्राप्त करने के लिये, उसने राजनीतिक शरण के लिये आवेदन किया था।

## खुदरा महंगाई घटकर पांच महीनों के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी



- मार्च में महंगाई दर 8.52% रही इस माह घटकर 4.85 पर आ गई

खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आने से मार्च के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत और मार्च 2023 में 5.66 प्रतिशत रही थी। मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीनों के निचले स्तर पर रही है। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 प्रतिशत रही जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक, अंडे, मसालों और दालों समेत अन्य खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में फरवरी की तुलना में गिरावट आई है। हालांकि फलों और सब्जियों की कीमतें मार्च में एक महीना पहले की तुलना में बढ़ गईं। वहीं, ईंधन और प्रकाश खंड में भी खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में घटी है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत कम या अधिक) पर सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरों पर फैसला करते हुए खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को ही ध्यान में रखती है। केंद्रीय बैंक ने इस साल सामान्य मानसून की उम्मीद जताते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत और सितंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

### सोना पहली बार 73 हजार के पार



**नई दिल्ली।** सोने की कीमत पहली बार 73 हजार रुपये प्रति दस ग्राम से ज्यादा हो गई है। शुक्रवार (12 अप्रैल) को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम सोना 1,351 रुपये महंगा होकर 73,174 रुपये का हो गया है। चांदी भी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। एक किलो चांदी का भाव 1,476 रुपये बढ़कर 83,819 रुपए हो गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है। साल 2024 में अब तक सोने के दाम 9,872 रुपये बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपये पर था। वहीं, चांदी भी 73,395 रुपये प्रति किलोग्राम थी। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16%) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर है, कॉमेक्स पर सोना 2,412 डॉलर प्रति आउंस के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गया है।

## सपा ने दो तो बसपा ने नौ और प्रत्याशी उतारे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख ने शुक्रवार को उप्र. की दो जबकि बसपा ने 9 और सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को प्रत्याशी बनाया गया है। पुष्पेंद्र इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। वहीं, बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद (अयोध्या) से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य, रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उतारा है।

## सुबह पांच से रात 12 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीले वस्त्र, धनिया की पंजीरी व मीठे पान का लगेगा भोग

**अमृत विचार :** रामनवमी पर श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए सुबह पांच से रात्रि 12 तक का समय तय किया गया है। साथ ही रामनवमी के दिन रामलला को पीले वस्त्र पहनाए जाएंगे।

सिंघाड़े का आटा, धनिया की पंजीरी, मौसमी फल, मिठाई, मीठा पान का विशेष भोग अर्पित होगा। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि इस बार के जन्मोत्सव में त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान रामलला को सुबह 3.30 मिनट मंगला आरती से जगाया जाएगा। उनके अभिषेक के बाद सुबह 4:45 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को खोल दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाना है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11:45 से 12:05 के बीच भगवान के भोग और आरती को संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट के द्वारा मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है।

## एक नजर

### केशव प्रसाद जहां गए वहां सपा की जीत का बढ़ा अंतर

**बदायूं।** शुक्रवार को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा को समाप्तवादी पार्टी बताया। जिस पर सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने पलटवार किया है। कहा कि केशव प्रसाद मौर्य जहां भी जाते हैं वहां सपा की जीत का अंतर बढ़ जाता है। वह मैनपुरी और घोसी गए तो वहां सपा की जीत का अंतर बढ़ा। कहा कि भाजपा 10 साल में रामराज नहीं ला पाई, अब नहीं ला पाएगी। आदित्य यादव के चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि सपा की यहां से बढ़ी जीत होगी।

### कार्यकर्ताओं ने किया शिवपाल का स्वागत

**बिल्सी।** शुक्रवार को सपा प्र राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा ने विकास के नाम पर जनता को केवल भ्रमित करने का काम किया। आज युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। वहीं महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### बिसौली बार चुनाव 22 को

**बदायूं।** बिसौली सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को अधिवक्ता रामशरण शर्मा व वीरेंद्र सक्सेना ने अध्यक्ष, अंसार अली व गंगा लहरी उपाध्याय ने सचिव, संजीव मिश्रा ने ऑडिटर, ब्योमेश चंद्र ने उपाध्यक्ष, संजीव यादव ने कोषाध्यक्ष और दिग्विजय शर्मा ने सह सचिव पद के लिए नामांकन प्रपत्र जमा किए। 15 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी होगी। 22 अप्रैल को मतदान होगा।

# केशव प्रसाद ने कसा तंज, सपा समाप्तवादी-बसपा बिल्कुल समाप्तवादी

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सहसवान और बिल्सी विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में की शिरकत, कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुटने की अपील

**संवाददाता, सहसवान/बदायूं**

**अमृत विचार :** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधानसभा सहसवान और बिल्सी क्षेत्र में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत की। कहा कि सपा समाप्तवादी और बसपा बिल्कुल समाप्तवादी पार्टी है। बदायूं में हार देखकर भतीजे ने चाचा को भेजा। अब चाचा ने बेटे को आगे कर दिया। परिवारवादी पार्टी में परिवार की कलह बनी हुई है। लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय पार्टियों का सूपड़ा साफ हो जाएगा। यह बरसाती मेंढक है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा चुनाव जीतने का काम कर रही है।

सहसवान के माहेश्वरी भवन में हुए सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधा। कहा कि 2024 में जिनका खाता नहीं खुला वह पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। सपाइयों का नारा, खाली प्लॉट हमारा। सबका साथ, गुंडों का विकास। सबका साथ, परिवार का विकास। सपा का झंडा, गाड़ी में बैठा सबसे बड़ा गुंडा। राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सपाइयों ने राम भक्तों के खून से होली खली थी। यह राम मंदिर नहीं राष्ट्र मंदिर है। मुस्लिम भाई भी श्रीराम को अपना पूर्वज मानते हैं। इस तरह यह 140 करोड़ लोगों की आस्था का मंदिर है। जनता ने 2014 में ही साइकिल को पंचर कर दिया था। केंद्र और प्रदेश



भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के पक्ष में मतदान करने का आह्वान करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य। साथ हैं केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जनता को सुशासन देने का काम किया है। आज प्रदेश में कोई गुंडागर्दी नहीं कर सकता। उन्होंने सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। भाजपा प्रत्याशी ने भाजपा की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं या बेल पर हैं। वह मोदी जी को गालियां दे रहे हैं। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि हमारा एक ही मंतर, बढ़ाओ जीत का अंतर। 2024 में मोदी को प्रदेश से 80 सीटें जिता कर भेजना है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, एमएलसी वागीश पाठक, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव, पूर्व विधायक दया सिन्धु शंखधार, डीके भारद्वाज, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री दीक्षा माहेश्वरी, पूर्व युवा मोर्चा अनुज महेश्वरी, अवढर शर्मा, सौरभ माहेश्वरी, अनुराग दीक्षित आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में वक्ताओं को सुनते बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

उझानी के भगवानदास पैलेस में हुए सम्मेलन में डिप्टी सीएम ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा सपा अब समाप्तवादी पार्टी हो गई है। सपा सफा हो गई है। 2024 के बाद समाजवादी पार्टी को कोई खोज न पाएगा। चार जून को सपा, बसपा व कांग्रेस का 11 बजे ही 12 बज जाएगा। सपा कहती है कि कुछ का साथ-दंगाइयों का विकास। कुछ का साथ-माफिया का विकास। अखिलेश यादव आजकल ट्विटर पर चुनाव लड़ रहे हैं और ऐसा लगता है कि ट्विटर पर वह बहुत बड़े सुशासन वाले नेता हों। अखिलेश यादव कहते हैं कि चाचा प्रत्याशी और चाचा भतीजे से कहते

**● बोले-सपाइयों का नारा, खाली प्लॉट हमारा और सपा का झंडा गाड़ी में बैठा सबसे बड़ा गुंडा**

हैं कि बेटा प्रत्याशी। यह केवल बदायूं का हाल नहीं है, पूरे उत्तर प्रदेश में सपा, सफा है। 2014 में सपा जीत गई थी लेकिन उसका बदला 2019 में बदायूं के लोगों ने पूरा कर दिया और भाजपा जीती। भाजपा की आंधी चल रही है पहले तो साथ-साथ लड़े थे तो कुछ नहीं कर पाए अब तो छोड़ ही दो। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर व दिनेश कुमार शर्मा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## बहुजन आम पार्टी ने भाजपा को दिया समर्थन

लोकसभा चुनाव शुरू होते ही सपा, बसपा, कांग्रेस के पदाधिकारी भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। शुक्रवार को डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में बहुजन आम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश भास्कर ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित है। मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। जिसके चलते उनकी पार्टी ने डिप्टी सीएम के सामने भाजपा को समर्थन दिया है।



भाजपा को समर्थन की घोषणा करते बहुजन आम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश भास्कर।

# गैंगस्टर के आरोपी भाइयों की 6.40 लाख की संपत्ति जब्त



गैंगस्टर के आरोपी भाइयों की संपति जब्तीकरण के दौरान मौजूद पुलिस और ग्रामीण।

**संवाददाता, वजीरगंज**

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी दो भाइयों की छह लाख 40 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया गया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव हतरा निवासी कामरान और फैजान पुत्र गुड्डू शातिर किस्म के हैं। उन्होंने गिरोह बनाकर घटनाओं को अंजाम दिया है। साल 2021 में उन्होंने गोवध करके मांस विक्रय किया था।

**● साल 2021 में आरोपी भाइयों को भेजा गया था जेल, पुलिस ने घर पर चस्पा किया नोटिस**

दोनों को पुलिस ने जेल भेजा था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अंतर्गत कार्रवाई की थी। 13 मार्च को जिलाधिकारी की अनुमति पर शुक्रवार को सीओ बिसौली की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने मुनादी कराई।

# वीआईपी ड्यूटी में डॉक्टर, मरीज होते रहे परेशान

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा में डॉक्टरों की दो टीमें लगाई गईं जिससे जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को डॉक्टर नहीं मिले, सीएमएस ने खुद ओपीडी में बैठकर मरीजों को दवाएं लिखीं, फिर भी दर्जनों मरीज बिना दवा लिए वापस लौट गए।

शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की जनपद में उझानी और सहसवान में दो चुनावी जनसभाएं थीं। दोनों जन सभाओं में उप मुख्यमंत्री के साथ डॉक्टर्स की दो टीमें लगाई गई थीं। इसके चलते डॉ. वागीश, डॉ. रियाज हुसैन, डॉ. अमित वार्ष्णेय, डॉ. एसएम कमल, डॉ. हरीश बाबू, डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. प्रदीप गुप्ता, डॉ. वृजेन्द्र, शिवम रस्तोगी और दो फार्मासिस्ट सहित करीब दर्जन भर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गयी। इसके अलावा डिप्टी सीएम के काफिले के साथ दो एंबुलेंस भी लगाई गई थीं। डॉ. निरंजन सिंह

**● ओपीडी में बढ़ी भीड़ तो सीएमएस ने देखे मरीज**



ओपीडी में मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

अपनी टीम के साथ एंबुलेंस के साथ रहे। इसलिए आज जिला अस्पताल में चिकित्सक नहीं थे। सुबह नौ बजे से मरीजों का आना शुरू हो गया। किसी ओपीडी में चिकित्सक नहीं थे। मरीज इधर उधर चिकित्सकों को देखते रहे। डॉ. अलंकार सोलंकी और डॉ. एसपी सिंह ही अपनी ओपीडी में बैठे जिससे मरीजों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी दवाएं नहीं मिलीं तो मरीज सीएमएस के पास पहुंचने लगे, जिसके बाद सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह अपनी टीम के साथ ओपीडी नंबर नौ में आकर बैठ गए। उन्होंने मरीजों को देख कर दवाएं लिखीं। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने कहा कि जब तक चुनाव चल रहे हैं तब तक इसी तरह की समस्या रहने वाली है। क्योंकि चुनाव में हर रोज वीआईपी आएंगे और वहां चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसलिए अस्पताल की व्यवस्थाएं गड़बड़ा जाएंगी। मरीजों को देखने के लिए वह खुद ओपीडी संभाल रहे हैं। फिर भी दो बजे तक मरीजों की लाइन कम नहीं हुयी। दो बजे जब ओपीडी से चिकित्सक निकल गए फिर भी अनेक मरीज दवा के लिए इधर उधर भटकते रहे।

### बुखार के मरीजों की बड़ी संख्या, वार्ड में भर्ती

जिला अस्पताल में अब बुखार के मरीज हर रोज बढ़ रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जिससे वार्डों में भी मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। अब तक सर्दी-जुकाम के मरीज आ रहे थे, कुछ बुखार के भी मरीज आ रहे थे लेकिन अब टाइफाइड के मरीज भी निकलने लगे हैं। शुक्रवार को पांच मरीज टाइफाइड के निकले, उन्हें दवा देकर भेज दिया गया। दो मरीजों को भर्ती किया गया। हालांकि अभी मलेरिया के मरीज नहीं आ रहे हैं। फिर भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि जिस तरह मच्छर बढ़ रहे हैं तो मलेरिया भी पनप सकता है।

# दस दिन में नए भवन में शिफ्ट हो जाएगी डायलिसिस यूनिट

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में चल रहे तीन यूनिट वाला डायलिसिस यूनिट अब दस दिन के अंदर नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा। नई बिल्डिंग में दस बेड वाला यूनिट लगाया जाएगा।

जिला अस्पताल में तीन बेड वाला डायलिसिस यूनिट नौ महीने से चल रहा है। अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मरीजों को मिलने की जानकारी होने के बाद अब मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में आगरा की संस्था डीसीडीसी ने डायलिसिस यूनिट लगाया है। अब शासन से स्वीकृति मिलने के बाद डायलिसिस यूनिट का विस्तारीकरण किया जा रहा है। संस्था की मांग पर अस्पताल प्रशासन ने जिला अस्पताल में एक अलग से बड़ा वार्ड बनवाया है इसमें एक बड़ा हॉल है इसमें दस बेड का डायलिसिस यूनिट लगाया जाएगा और एक वार्ड में मशीनें लगाई जाएंगी जबकि तीसरे में मैनेजर का कंप्यूटर लगेगा। जनरेटर के लिए फाउंडेशन बनाया जा चुका है। अभी तक जिला अस्पताल की बिजली से डायलिसिस यूनिट चलाया जा रहा था लेकिन दस बेड का डायलिसिस यूनिट संस्था अपने जनरेटर से चलाएगी। डायलिसिस यूनिट के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि दस दिन के अंदर डायलिसिस यूनिट नई बिल्डिंग में पहुंच जाएगा उसके बाद अन्य मशीनें भी आ जाएंगी।

> जिला अस्पताल में दस बेड का डायलिसिस यूनिट लगाने को बड़ा वार्ड बन कर तैयार हो गया है। अब इसमें एसी लगना शेष है। पानी की सप्लाई के लिए अलग से व्यवस्था की गयी है। बहुत जल्द ही नया डायलिसिस यूनिट चालू कर दिया जाएगा उसके बाद मरीजों को लौटना नही पड़ेगा।
>
> -डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस

# व्यय प्रेक्षकों ने परखीं चुनाव की तैयारियां

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** बदायूं और आंवला लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से व्यय प्रेक्षक नामित किए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते व्यय प्रेक्षकों का जिले में आगमन हो गया है। शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट में बैठक कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया।

साथ ही प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टरों को समय अंतर्गत उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में बदायूं लोकसभा क्षेत्र लिए चुनाव आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक आर कुमारन व आंवला लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक सीएम रविशंकर नामित किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से टीमवर्क व परस्पर समन्वय के साथ निर्वाचन सम्पन्न



अधिकारियों के साथ बैठक करते व्यय प्रेक्षक। ● अमृत विचार

**● व्यय रजिस्टरों को समय अंतर्गत प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

कराने के लिए कहा। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीमों के प्रभारी व सदस्य आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही सभी रिपोर्ट प्रेषित की जाएं। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने व्यय प्रेक्षकों को निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण होने की जानकारी दी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सीडीओ केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, अपर जिलाधिकारी एफआर, सभी उपजिलाधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी रहे।

# दुकानों पर छापामारी, टीम ने भरे कूट्टू व सिंघाड़े के आटा के सैंपल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** नवरात्र पर्व में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने शहर में प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। टीम ने सिंघाड़ा और कुट्टू आटा सहित पांच खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए।

सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं। खाद्य विभाग की टीम के आने से दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय सीएल यादव के

**● शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर के बाजार में दुकानों पर की छापेमारी**

नेतृत्व में विभाग के अधिकारियों की टीम ने ककराला रोड सिविल लाइन एरिया स्थित आलोक किराना स्टोर के यहां से मखाना, नीरज किराना स्टोर से कुट्टू का आटा, रेलवे क्रासिंग स्थित श्रद्धा किराना स्टोर से सिंघाडे का आटा, प्रदीप कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान गुप्ता ट्रेडर्स के यहां से कोल्ड ड्रिंक और विनोद किराना के यहां से किशमिश का सैंपल लिया। खाद्य पदार्थों के लिए गए सैंपलों को जांच के लिए लखनऊ स्थित लैब में भेजा है।

छापामारी के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को मिलावटी व अद्योमानक खाद्य सामग्री की बिक्री न करने की हिदायत दी। उन्हें दुकानों का पंजीकरण कराने के लिए निर्देशित किया। दुकानों पर छापा मारने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार मिश्रा, राजीव कुमार रहे।



किराना स्टोर से सैंपल लेते खाद्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**मुद्दा** | जनप्रतिनिधियों ने नहीं किया काम, बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या

# जिले का पिछड़ापन दूर करने के नहीं हुए प्रयास

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** पिछड़े जिलों की कतार में खड़ा जनपद बदायूं आज भी विकास के लिए तरस रहा है। किसी भी जन प्रतिनिधि ने यहां के विकास पर ध्यान नहीं दिया। जिले का पिछड़ापन दूर करने को कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रत्याशी हर चुनाव में विकास के वादे करते हैं। इस वार मतदाता बदल चुके हैं। यदि प्रत्याशी ईमानदार नहीं होगा तो वोट नहीं दिया जाएगा।

बदायूं जनपद विकास के लिए दशकों से जनप्रतिनिधियों की ओर देख रहा है। हर चुनाव में विकास के वादे किए जाते हैं मगर विकास का वादा पूरा कोई नहीं करता है। छोटी-छोटी समस्याएं और बड़ी हो गई हैं। समाधान किसी का नहीं हो रहा है। मतदाताओं ने कहा कि शिक्षा पर कोई नया कार्य नहीं किया गया। स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति को ठीक करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। बेरोजगारी दिनोंदिन बढ़ रही है। शिक्षित युवा पलायन कर रहे हैं। लघु उद्योगों की स्थापना नहीं की जा रही है। मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। व्यापार सीमित है। बड़े उद्योग नहीं लगाए गए हैं जिससे बेरोजगार दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। हर चुनाव में मतदाता ही ठगा जाता है। धर्म की आड़ लेकर वोट हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। विकास की बात कोई जनप्रतिनिधि नहीं करता है। नेता एक-दूसरे की कमियां गिनाने में लगे हैं। लेकिन आज मतदाता जागरूक है। यदि प्रत्याशी विकास की बात नहीं करेगा तो मतदाता विकल्प के बारे में सोचेगा।



प्रत्याशी लोग केवल वादे करते हैं काम कोई नहीं करता है। बेरोजगारी दूर करने को कोई पहल नहीं की गयी है। शिक्षा के लिए कोई नया कॉलेज नहीं बनाया गया है। केवल व्यापार हो रहा है। **-ध्रुव देव गुप्ता**



बहुत पहले सलारपुर में कुछ उद्योग लगाए गए। कुछ बेरोजगारों को काम मिला। वहां के उद्योग बंद हो गये। उसके बाद एक भी बड़ा उद्योग नहीं लगाया गया और न ही किसी ने प्रयास किया। **-राजेन्द्र कुमार गुप्ता - व्यापारी**



जीएसटी की मार झेलनी पड़ रही है। हर चीज महंगी है। इसलिए उत्पादों की कीमत भी अधिक होती है। महंगे उत्पाद नहीं बिक रहे हैं जिससे दुकानदार को घाटा उठाना पड़ रहा है। **-सोनू चांडक, दुकानदार**



विकास की उम्मीद करना बेकार है। यहां का पिछड़ापन दूर करने को किसी ने प्रयास नहीं किए हैं। बाहर के लोग बदायूं को जानते भी नहीं है। कोई काम नहीं हुआ है इसलिए आज तक यहां की पहचान नहीं बन सकी। **-अमरदीप सक्सेना, चिकित्सक**

# चाइनीज मांझे पर लगाई जाए रोक डीएम से की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** चाइनीज मांझे से आये दिन हो रहे हादसे को लेकर बदायूं यूथ्स की बैठक जिला कार्यालय पर हुई। जिसमें अध्यक्ष जिया अंसारी ने कहा कि संगठन पूर्व में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर चुका है जिससे किसी तरह के हादसे न हों। फिर भी चाइनीज मांझा बिक रहा है इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसकी मांग जिलाधिकारी से की गयी है। इस पर रोक लगाने के लिए संगठन ने पहले जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था जिसके बाद कार्रवाई की गई थी, लेकिन वर्तमान में चायनीज माझा एवं चायनीज फ्लैश लाइट की खुलेआम बिक्री होने लगी है। बैठक में जिला सचिव राकेश मौर्य, इमरान अहमद, खालिद अहमद, खुशाल शर्मा, अनवर चंगेजी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार के बरेली संस्करण को
अकाउंटेंट व मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

आप सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
मां वैष्णो ग्रुप ऑफ प्रॉपर्टीज
बदायूं
सोनी सैनी 7078141111
सनी सक्सेना 7078131111

# पहले दिन शांतिपूर्वक जाकर भाजपा प्रत्याशी ने कराया नामांकन

## कहा-18 को विधिवत दाखिल करेंगे पर्चा, तीसरे चरण के लिए नामांकन शुरू, बैरियर लगाकर वाहनों का आवागमन रोका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। पहले दिन बदायूं लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजिय सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ समर्थकों की भीड़ नहीं दिखी। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि उन्होंने अभी पहला पर्चा भरा है। इसलिए समर्थक साथ नहीं रहे। विधिवत और शुभ मुहूर्त के बीच 18 अप्रैल को नामांकन करेंगे। उस दिन नामांकन से पूर्व एक जनसभा भी की जाएगी। पहले दिन 13 नामांकन पत्र खरीदे गए जबकि एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बेरिकेडिंग करने के साथ ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

**नामांकन प्रक्रिया को लेकर पुलिस प्रशासन हुआ सतर्क :** शुक्रवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन सुबह से सतर्क रहा। कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। कलेक्ट्रेट के बाहर और अंदर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही पीएसी की एक टुकड़ी भी वहां बैठा दी गई थी। सीसीटीवी की निगरानी के दौरान प्रत्याशी का नामांकन कराया गया। वाहनों को डायवर्जन किए गए रूट से निकाला गया।

### प्राथमिकता में रहेगा इम्प्लाइमेंट के साथ डेवलपमेंट

नामांकन कराने के बाद कलेक्ट्रेट से बाहर आने पर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कि भाजपा प्रत्याशी ने बताया कि शुभ मुहूर्त के दिन नामांकन कराने के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मौजूद रहे सकते हैं। उनके द्वारा जनसभा को संबोधित किया जाएगा। उसके बाद जोर शोर से लाव लश्कर के साथ नामांकन किया जाएगा। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह नामांकन कराने से पहले नगला स्थित मां काली के मंदिर में पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, भाजपा जिला प्रदेश मंत्री डीपी भारती के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपा प्रत्याशी ने एक सेट में नामांकन पत्र भरा। इसके बाद वह उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने उझानी चले गए। कहा कि लोकसभा क्षेत्र में इम्प्लाइमेंट के साथ डेवलपमेंट उनकी प्राथमिकता में रहेगा। सपा प्रत्याशी शिवपाल यादव पर भी उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि शिवपाल यादव संघमित्रा मौर्य को अपने पक्ष में बता रहे हैं, लेकिन वह पहले अपने घर की लड़ाई तय कर लें। वो चुनाव लड़ेंगे या उनका बेटा लड़ेगा, यह तय नहीं है। दोनों में किसी का टिकट होगा भी या नहीं यह भी पक्का नहीं है। वह संघमित्रा की फिक्र क्यों कर रहे हैं।



नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य।



कलेक्ट्रेट गेट पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार



वीडियोग्राफी करता कर्मचारी।

**रिटर्निंग ऑफिसर ने जारी की निर्वाचन सूचना**

23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर मनोज कुमार ने निर्वाचन सूचना जारी की। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या अरुण कुमार नगर मजिस्ट्रेट, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या उनके प्रस्तावक 19 अप्रैल तक अवकाश के दिनों को छोड़कर दाखिल कर सकते हैं। बताया कि अभ्यर्थिता नाम वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा लिखित में विनिर्दिष्ट ऑफिसर में से किसी को उसके कार्यालय में 22 अप्रैल को तीन बजे तक दी की जा सकेगी। सात मई को मतदान होगा।

### पौने तीन करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं दुर्विजय

बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह की कुल चल-अचल संपत्ति करीब पौने तीन करोड़ की है। इसमें उनकी पत्नी मोना भाटिया के नाम संपत्ति भी शामिल है। लेकिन हिंदू अविभक्त कुटुंब और आश्रितों की संपत्ति नहीं जोड़ी गई है। दंपती के पास 70 हजार रुपये की नगदी है, जिसमें पत्नी के तीस हजार रुपये शामिल हैं। भाजपा प्रत्याशी के पास 8 लाख की एक स्कॉर्पियो कार, एक लाख कीमत की सेंट्रो कार है। वहीं पत्नी के पास एक्टिवा स्कूटी है। इसके अलावा प्रत्याशी के पास 50 ग्राम सोना कीमत ढाई लाख और पत्नी के नाम दस लाख का 2 सौ ग्राम सोना और तीस हजार कीमत की पांच सौ ग्राम चांदी है। वहीं बरेली और गांव में घर है। बरेली स्थित घर की कीमत 38 लाख रुपये है। वहीं पत्नी के नाम 162 वर्ग मीटर का प्लॉट है। जिसकी कीमत करीब 42 लाख से अधिक है। पत्नी के नाम 4,598,519 कीमत की जंगम संपत्ति है। गांव में 0 .5 एकड़ भूमि है समेत लगभग पौने तीन करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा बीजेपी प्रत्याशी ने बैंक लोन ले रखा है। प्रत्याशी और उनकी पत्नी के नाम 34 लाख से अधिक का लोन है।

### शिवपाल और आदित्य यादव के नाम से खरीदे पर्चे

नामांकन के पहले दिन जहां भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने पहला नामांकन कराया। वहीं 13 लोगों ने पर्चा खरीदा। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष यादव ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिवपाल यादव और आदित्य यादव के नाम से पर्चा खरीदा। समाजवादी पार्टी में प्रत्याशी को लेकर पिछले एक सप्ताह से उथल पुथल मची हुई है। पिता-पुत्र के नाम से पर्चे खरीदे जाने से यह स्पष्ट हो गया है कि अब तक इस सीट पर सपा अपना प्रत्याशी ही तय नहीं कर सकी है। अभी तक सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर से आदित्य यादव के नाम की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन समर्थक शिवपाल यादव के स्थान पर आदित्य यादव को अपना प्रत्याशी मान चुके हैं। आदित्य यादव के चुनाव मैदान में आने से उनके पीछे का चेहरा शिवपाल यादव का ही रहेगा।

### सौ मीटर दूर रोके जाएंगे समर्थक

प्रत्याशी के साथ आने वाले वाहनों और समर्थकों को रोकने के लिए बैरियर लगाने के साथ ही बैरिकेडिंग की गई है। प्रत्याशियों के साथ आने वाले समर्थकों को 100 मीटर दूर ही रोक दिया जाएगा। भीड़ बढ़ने पर रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। इस दौरान फोटो और वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। नामांकन के दौरान महाराणा प्रताप तिराहे के आसपास वाहनों को सड़क पर खड़ा नहीं होने दिया गया। तिराहे पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा अर्द्धसैनिक बल भी तैनात रहेगा। वहीं नामांकन कराने वाले सभी प्रत्याशियों के लिए लालपुल तिराहे से लेकर कचहरी मार्ग निर्धारित किया गया। सभी प्रत्याशी इस्लामिया इंटर कॉलेज की ओर से आएंगे। इस्लामिया इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज परिसर को वाहन स्टैंड बनाया गया है।

# होटल संचालक, मैनेजर, युवक को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कई होटल और रेस्टोरेंट में अनैतिक काम होने की शिकायत संगठन लगातार करते आ रहे हैं। आरोप है कि इन होटलों में किशोरी और युवतियों के साथ दूसरे समुदाय के युवक उनका शोषण करते हैं। उन्होंने क्षेत्र की पुलिस पर सांठगांठ करने का आरोप लगाया था।

संगठनों के पदाधिकारियों ने बुधवार और गुरुवार को पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो शिकायत सही निकली। वहां लड़के-लड़कियां मिले थे। गुरुवार को पुलिस ने मोहल्ला शहबाजपुर स्थित होटल ग्रांड ओयो पर छापामारी की थी। जहां एक किशोरी और युवक अरबाज पकड़ा गया था। जबकि होटल संचालक और मैनेजर भाग गए थे। पुलिस ने बाद में उन्हें पकड़ लिया। संचालक शहर के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी धर्मेंद्र साहू और मैनेजर उझानी के गांव बरामालदेव निवासी अमित के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। तीनों को सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सदर कोतवाली के अपराध निरीक्षक संजय शुक्ला ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने तहरीर देने से इंकार किया था। जिसके चलते पुलिस ने अपनी ओर से कार्रवाई की है।

# उड़नदस्ता ने छापा मारकर पकड़ी 1.70 लाख की शराब

**बदायूं।** लोकसभा चुनाव शुरू होते ही गांव-गांव अवैध शराब की भट्ठियां धधक रहीं हैं। शुक्रवार को सभी थाना क्षेत्रों में उड़नदस्ता टीम और आबकारी विभाग के अधिकारियों ने 1.70 लाख कीमत से अधिक की 655 लीटर शराब बरामद की। आबकारी विभाग के अधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में विभाग की टीम सक्रिय है। शुक्रवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर छापा मार कर 655 लीटर कच्ची शराब पकड़ी है। साथ ही लहन नष्ट कराया। पकड़ी गई शराब की कीमत 1.70 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं उड़नदस्ता टीम की नोडल अधिकारी रेनू सिंह ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक करोड़ सत्तर लाख से अधिक की शराब, अफीम, डोडा आदि पकड़ा गया है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**विजय नगला।** बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजय नगला निवासी उमेश चंद्र गुप्ता की पत्नी उर्मिला गुप्ता (50) पांच अप्रैल को परिजन की मौत पर गांव सिकरोड़ी गई थीं। रात लगभग 8 बजे वापस आ रही थीं। बरेली-मथुरा राजमार्ग क्रॉस कर रही थीं। इसी दौरान बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। वह गंभीर से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया। पुलिस ने महिला को एंबुलेंस से बरेली के अस्पताल भेजा। बरेली के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)

मतदाता सूची में अपना नाम चेक करें और बनें जागरूक मतदाता

मैं हूँ ना!! वोटर लिस्ट में? भागीदार बनें जिम्मेदार बनें
Voter Helpline App
ऐप में चेक करें
# मैं हूँ ना
QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
NOTHING LIKE VOTING, I VOTE FOR SURE

मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in तथा https://voterportal.eci.gov.in अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in पर अपने Mobile No. द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

#एक वोट देश के लिए

अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश



ओम शान्ति हॉस्पिटल


डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)


डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाण्डेय
चेयरमैन
9837892555
9412192305

# सड़क पर अदा की ईद की नमाज, 16 नामजद समेत 50 पर रिपोर्ट दर्ज

## गुरुवार को कस्बा शेखूपुर के पास ईदगाह के बाहर सड़क पर पढ़ी गई नमाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ईद के अवसर पर गुरुवार को कुछ लोगों ने ईदगाह के बाहर सड़क पर नमाज अदा की। बताया जा रहा है कि इस दौरान चीता मोबाइल पर तैनात पुलिसकर्मी मौजूद थे। उनकी सूचना पर चौकी इंचार्ज पहुंचे लेकिन तब तक नमाज शुरू हो चुकी थी। गुरुवार को सड़क पर नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ। शेखूपुर चौकी इंचार्ज की तहरीर के आधार पर 16 नामजद समेत 50 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। अज्ञात की पहचान की जा रही है। कोतवाली सिविल लाइन की पुलिस चौकी शेखूपुर के इंचार्ज उपनिरीक्षक राजीव चौहान ने बताया कि ईद के त्योहार पर वह क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे थे। मस्जिद और दरगाहों पर नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति व्यवस्था के लिए भ्रमण कर रहे थे। साथ में सिपाही निखिल, नितिन, मुकेश भी थे। भ्रमण के दौरान वह शेखूपुर स्थित ईदगाह पहुंचे। जहां 40 से 50 लोग रास्ता अवरोध करके सड़क पर नमाज अदा कर रहे थे। सड़क पर आवागमन नहीं हो पा रहा था। उपनिरीक्षक ने सड़क पर नमाज पढ़ने वालों की पहचान की। जिसमें 16 लोगों की जानकारी हुई। उपनिरीक्षक की तहरीर पर सिविल लाइन कोतवाली में 16 नामजद समेत 50 लोगों के खिलाफ सार्वजनिक मार्ग पर अवरोध पैदा करके आवागमन रोकने और सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। लोगों ने बताया कि नमाज के दौरान ईदगाह पर पुलिसकर्मी पहले से ही मौजूद थे। पुलिसकर्मियों की सूचना पर चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे लेकिन तब तक नमाज शुरू हो गई थी। जिसके चलते उन्होंने नमाज नहीं रोकी। वायरल वीडियो में पुलिस की चीता मोबाइल की एक गाड़ी नमाजियों के पास खड़ी नजर आ रही है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।


कस्बा शेखूपुर में ईदगाह के बाहर नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार

### इनके खिलाफ रिपोर्ट

उपनिरीक्षक की तहरीर पर कस्बा शेखूपुर निवासी हरीश उर्फ लल्ला, भदाले, पप्पू कुरैशी, सलमान, मुन्ने टायर वाला, सालिम, उवैश, नन्हा, असलम के अलावा सगीर, जावेद, भूरे, नदीम, शाहरुख, नईम, अकरम सलमानी और 34 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वीडियो के आधार पर पुलिस अज्ञात की पहचान करने में लगी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
जाचों पर विशेष छूट
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## सार-संक्षेप

### मदर एंथीना स्कूल को मिला तीसरा स्थान



**बदायूं।** गत दिनों बदायूं क्लब में नव वर्ष मेले का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी ने दर्शकों को अपने नृत्य से लुभाया। इस कार्यक्रम में मदर एंथीना स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया जिसमें स्कूल की कक्षा दस की छात्राओं को तीसरा स्थान मिला है। विद्यार्थियों के साथ ही डॉ. आभा सक्सेना को भी शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि हम विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। साथ ही विद्यालय के बाहर भी छात्र-छात्राओं को भाग लेने को भेजते हैं। जिससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ सके।

### छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए किया जागरूक



**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में छात्र-छात्राओं को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। कॉलेज के शिक्षक राजकुमार शर्मा ने कहा कि वोट देना हम सबका कर्तव्य है। इस कार्य में युवा उत्साह से आगे बढ़कर भाग लें। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोट देने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता साक्षरता क्लब गठन को और अधिक सक्रिय किया जाए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा, अश्वनी शर्मा, प्रवीण मिश्रा, यशपाल सिंह, प्रवेश शर्मा, विपुल सिंह, दुर्गेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पीला ईंट से बन रहा नाला, रोक लगाने की मांग



**विजय नगला।** ब्लाक सलारपुर के गांव सिगरौरा में क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा गांव की पश्चिम दिशा से होता हुआ लगभग 400 मीटर का नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिससे गांव में जलभराव न हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि नाला निर्माण करा रहे ठेकेदार नाला निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगा रहा है। पीला ईंट से नाले की दीवारें बनाई जा रही हैं। ग्राम प्रधान राजू सागर ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला निर्माण में पीला ईट लगाई जा रही है। इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से की जाएगी। उधर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पीला ईंट से बनाए जा रहे नाले का कार्य रुकवाया जाए निर्माण कार्य की जांच कराई जाए।

### पांच किलो डोडा के साथ पकड़ा युवक

**बदायूं।** एसएसपी के आदेश पर मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को थाना बिनावर पुलिस ने पुठी सराय तिराहे से गांव पुठी निवासी विजयवीर पुत्र प्रहलाद को पकड़ा। जिसके पास से पांच किलो डोडा छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई रिपोर्ट दर्ज हैं

बदायूं की खबरें पेज 7 व 8 पर भी पढ़ें...

## शहर में आज

- जिले में देवी मंदिरों में माता के पांचवें स्वरूप मां स्कंद माता की पूजा अर्चना सुबह पांच बजे से।
- लोकसभा चुनाव को लेकर कलक्ट्रेट पर नामांकन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से।
- नौ कुंडीय यज्ञ गंजडुंडवारा के पंचायतीराज बाग में सुबह 10 बजे से।
- शहर के नदरई गेट स्थित शनि देवी मंदिर परिसर में माता के छंद शाम छह बजे से।
- तीन दिवसीय उर्स कव्वाली सोरों के मुहल्ला योगमार्ग स्थित दरगाह पर रात आठ बजे से।

## एक नजर

### निर्वाचन टीमों और राजनैतिक प्रतिनिधियों की बैठक आज

**कासगंज।** आय व्यय नोडल, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन एटा लोकसभा के व्यय प्रेक्षक के निर्देशानुसार चुनाव लड़ने वाले सभी राजनैतिक दल, सभी लेखा व्यय टीम, स्थैथिक निगरानी टीम, उडन दस्ता टीम, वीडिओ अवलोकन टीम व वीडियो निगरानी टीमों की आज शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में 11 बजे से बैठक होगी। जिसमें सभी टीमें, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** पॉक्सो एक्ट के मामले में पुलिस के पकड़ से फरार चल रहे आरोपी को थाना सहावर पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी राजीव निवासी गांव इतवारपुर थाना सहावर पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पूछताछ के बाद वांछित आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से जेल भेजने की कार्यवाह की गई है।

### अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**कासगंज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना ढोलना पुलिस ने सहदेव निवासी नगला ढक थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 31 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद हुए हैं। इसी क्रम में मिली सूचना के आधार अमांपुर पुलिस ने गांव फकोता निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 24 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बराम हुए हैं। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से अग्रिम कार्यवाही की गई है।

### धरपकड़ अभियान में दो वारंटी गिरफ्तार

**कासगंज।** जिला पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अमांपुर पुलिस ने लवकुश निवासी गांव मझोला थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं सोरों कोतवाली पुलिस ने कुंवरपाल निवासी गांव बरकुला कोतवाली सोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने बताया कि दोनों वारंटियों को संबंधित थाना पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है।

### नामित व्यय प्रेक्षक का संपर्क नंबर जारी

**कासगंज।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा राम सिंह गुर्जर व्यय प्रेक्षक का सोरों कासगंज में 12 अप्रैल को आगमन हुआ। जिनके मोबाइल नंबर 6398869564 पर किसी भी निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए संपर्क कर सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, पहले दिन खरीदे नामांकन पत्र

## नामांकन स्थल पर सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, अनाधिकृत लोगों का प्रवेश वर्जित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



नामांकन स्थल के बाहर मुख्य द्वार की गई बेरीकेडिंग।



कलेक्ट्रेट परिसर में तैयार नामांकन स्थल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए एटा-कासगंज की अधिसूचना जारी हो गई। अधिसूचना जारी होते ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन कोई भी नामांकन नहीं हुआ है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के प्रतिनिधि सहित तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। इधर, नामांकन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। अनाधिकृत लोगों को प्रवेश नहीं दिया गया।

नामांकन स्थल कलक्ट्रेट परिसर में बनाया गया है। डीएम न्यायालय ने नामांकन पत्र दाखिल करने से लेकर जांच तक की पूरी प्रक्रिया होगी। नामांकन स्थल पर कड़े नाकेबंदी की गई है। चारों तरफ बेरीकेडिंग हैं। जगह जगह बैरियर लगाए गए हैं। कोई भी व्यक्ति मनमाने ढंग से कलक्ट्रेट परिसर में प्रवेश नहीं कर सकता है। सिर्फ नामांकन खरीदने वाले और नामांकन दाखिल करने वाले उनके प्रस्तावक ही प्रवेश पा सकेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी राराजवीर सिंह का नामांकन कराएंगे डिप्टी सीएम

भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह 15 अप्रैल को नामांकन करेंगे। वे सोरों से नामांकन करने कलक्ट्रेट परिसर पहुंचेंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नामांकन पत्र दाखिल कराने पहुंचेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने लोगों से अपील की है कि वे नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे।



नामांकन स्थल पर तलाशी लेते सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

- **पहले दिन नहीं किया गया कोई भी नामांकन पत्र दाखिल**

इसके अलावा किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मुख्य द्वार पर पुलिस पीएसी बल तैनात किया गया है। इसके अलावा सीडीओ कार्यालय, बीएसए कार्यालय की ओर से आने वाले रास्ते सील कर दिए गए हैं। नामांकन स्थल पर सुरक्षा का बड़ा घेरा बनाया गया है। पहले दिन शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के प्रतिनिधि के रूप में डीएस लोधी के अलावा बसपा उम्मीदवार मोहम्मद इरफान के प्रतिनिधि के रूप में डीपी राना एवं उम्मीदवार अशोक कुमार ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। विधिवत रूप से प्रक्रिया पूरी कर इन्होंने नामांकन लिए।

> नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूरी हैं। पहले दिन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। - **सुधा वर्मा**, जिलाधिकारी।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए समय-सारणी जारी

**कासगंज।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कराए जाने का निर्देश जारी कर दिया है। निर्धारित समय सारिणी के अनुसार 12 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना नाम निर्देशन के लिए अंतिम तिथि दिनांक 19 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल, नाम वापसी की तिथि, 22 अप्रैल, मतदान सात मई, मतगणना का चार जून तथा वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण करा लिया जाएगा छह जून है। नामांकन से नाम वापसी स्थल न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 25, , मतदान के लिए स्टेशनरी बैग की तैयारी स्थल विकास भवन स्थित हॉल। ईवीएम मशीनों की तैयारी स्थल विधान सभावार चयनित टीन शेडों में कृषि उत्पादन मंडी समित अमांपुर रोड, मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण स्थल श्री गणेश इण्टर कॉलेज, मतदान पार्टी की रवानगी एवं वापसी स्थल विधान सभावार चयनित टीन शेडों कृषि उत्पादन मंडी समित, अमांपुर रोड, मतगणना स्थल विधान सभावार चयनित टीन शेडों में निर्धारित किया गया है।

## सहकार भारती ने किसानों को मतदान के लिए किया जागरूक



मोहनपुरा में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करते सहकारी समिति के पदाधिकारी।

संवाददाता, मोहनपुरा

- **किसानों को पत्रक बांटकर समझाया मतदान का महत्व**
- **सभी कार्यों से पहले की गई वोट डालने की अपील**

**अमृत विचार :** सूबे में चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी राजनैतिक दल अपने अपने चुनाव प्रचार और तैयारियों में लग चुके हैं। जनपद कासगंज में तीसरे चरण में मतदान होना प्रस्तावित है। अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

शासन द्वारा भी इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मोहनपुरा स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड पर मतदान जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। सहकार भारती कासगंज के जिलाध्यक्ष हृदेश कुमार सिंह पुंढीर के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसानों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर पत्रक बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं का प्रखर संगठन उनके लोकतांत्रिक परिचालन हेतु प्रतिबद्ध है। सभी लोग आगामी 7 मई को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। वहीं समिति मीडिया प्रभारी डॉ. नरेश नंदन ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि चुनिए उस सरकार को जो संबल दे सहकार को। समिति के सचिव राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मताधिकार हमारा उत्तरदायित्व है। डॉ. नरेश नंदन, हृदेश पुंढीर, राकेश कुमार सिंह, डॉ. केपी.सिंह, आयुष, दिनेश कुमार, कमल सिंह, मोनू, रामवीर, राजकुमार, राम सिंह, विवेक, रविप्रकाश, करण मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार ने बाइकों में मारी टक्कर, दो लोग घायल

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **घायलों को स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल किया गया रेफर**

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव खरपरा के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित इको कार चालक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है।

जिला अलीगढ़ निवासी अख्तर एवं थाना सहावर क्षेत्र के गांव कनाई निवासी निशांत अपनी अपनी बाइकों से कहीं जा रहे थे। जब बाइक सवार गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में गांव खरपरा के निकट थे कि तभी मार्ग से अनियंत्रित गति से इको कार लेकर निकल रहा चालक कार से अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइकों में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बाइक सवारों को जिला अस्पताल रेफर किया है। इंस्पेक्टर विनोदक कुमार ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## तृतीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना जारी

**कासगंज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तृतीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना को रिटर्निंग ऑफीसर, 22-एटा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र द्वारा जारी की गई। नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफीसर को या विशेषीकृत सहायक रिटर्निंग ऑफीसर उप जिलाधिकारी, कासगंज संजीव कुमार को अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा 19 अप्रैल के अपश्चात लोक अवकाश दिन से भिन्न पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 03:00 बजे के बीच न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-25 में परिदत्त किए जा सकेगें। नाम निर्देशन पत्र संवीक्षा 20 अप्रैल को न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-25 में पूर्वान्ह 11:00 बजे की जाएगी।

# दिव्यांगजनों ने मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **जागरूकता रैली निकालकर किया जन-जागरण**
- **तसहील सभागार में एसडीएम ने बताया मतदान का महत्व**

**अमृत विचार :** मतदान की जागरूकता के लिए दिव्यांगजनों ने पटियाली में जन-जागरूकता रैली निकाली। लोगों के लिए सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। रैली से पूर्व तहसील सभागार में हुए कार्यक्रम में एसडीएम ने मतदान का महत्व समझाया।

तहसील में हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में एसडीएम कुलदीप सिंह ने कहा कि 18 वर्ष की आयु कर चुके प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक हो मतदान



का अधिकारी होता है। उसे यह अधिकार संविधान ने दिया है। प्रत्येक व्यक्ति को जनतंत्र में स्वेच्छा से मतदान करने की स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगजन जन-जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए दिव्यांगजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद तसहील परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं द्वारा ट्राई साइकिल का प्रयोग करते हुए मतदाता जागरूकता के स्लोगन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए रैली को निकाला गय। समाज में दिव्यांग मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। वीरेंद्र सिंह, सुग्रीव, रिंकू, विष्णु, सत्यपाल, संगीता, सावित्री, कुलदीप निर्भय मौजूद रहे।

## जिले में कंट्रोल रूम स्थापित

**कासगंज।** उप जिल निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन की घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तथा जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलेक्टेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा।

उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी व शिकायत कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105, टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

# मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना को देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, कासगंज



माता की पूजा-अर्चना एवं दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को शहर से लेकर कस्बा और गांवों में माता के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा देवी की पूजा अर्चना हुई। मां कुष्मांडा को अष्ठभुजा वाली माता भी कहा जाता है। मंदिरों में माता की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतारें लगी। घंटे और माता की जय-जयकार से वातारण भक्तिमय हो गया।

शहर के अलावा कस्बा अमांपुर, सिढ़पुरा, सहावर, सोरों, पटियाली, गंजडुंडवारा व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों पर माता के चौथे स्वरूप को पूजने के लिए हाथों में पूजा की थाली लिए श्रद्धालु की कतारें थी। शहर के चामुंडा मंदिर पर सुबह से ही माता की पूजा को आने वाले श्रद्धालु कतारों में लगे थे। कतार में लगे श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते माता की जय-जयकार कर रहे थे। मां के दरबार में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अष्ठभुजा वाली मां कुष्मांडा को नारियल, चुनरी, फल, फूल, मिष्ठान अर्पित किया और माता का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा कर धन, धान्य और परिवार के निरोग की कामना की। मंदिर में तमाम श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण कराया गया। सुबह से लेकर देर रात तक मां की पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा।

- **धन, धान्य और निरोग की माता से लोगों ने की कामना**
- **शहर के चामुंडा मंदिर के बाहर लगी लंबी कतारें**

**दंडौती लगा दरबार तक पहुंच रहे श्रद्धालु:** माता के दरबार में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। शहर के अलावा आसपास के गांव और कस्बों से भी माता के भक्त दर्शन को पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालु में तमाम महिला पुरुष ऐसे श्रद्धालु शामिल हैं जो दंडौती लगाकर दरबार तक पहुंच रहे हैं।

**मां स्कंद माता की पूजा का विधान :** आज नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों को अभीष्ट फल प्रदान करने वाली मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। ये देवी पार्वती का ही स्वरूप है। भगवान स्कंद कार्तिकेय की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है । मां स्कंदमाता को फूल-माला, रोली लगाएं व नैवेद्य अर्पित करें।

## पार्टी प्रत्याशी के लिए घर-घर जाएं भाजपा कार्यकर्ता

**न्यौली, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगरिया मंडल की बैठक सेंटकेएम पब्लिक स्कूल मिर्जापुर में हुई। बैठक में घर-घर संपर्क अभियान की सफलता को रणनीति बनाई गई। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को अबकी बार 400 पार का संकल्प दिलाया। साथ ही घर-घर जाकर पार्टी प्रत्याशी के लिए संपर्क करने का आह्वान किया। भाजपा नगरिया मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पार्टी चुनाव जीतने के लिए कार्य करती है किंतु भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए कार्य नहीं करती। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता चुनाव के बाद भी पूरे पांच वर्ष क्षेत्र की जनता के साथ मिलजुल कर कार्य करता है। बैठक में किशोर चौहान, जितेंद्र सोलंकी, मनोज राघव, रवि चोपड़ा, रमन, अजीत सोलंकी, अचल चौहान, शेर सिंह मौर्य रहे।

# सिद्धपीठ जयादेवी के दर्शन मात्र से दूर हो जाते हैं जन्म-जन्मांतर के पाप

संवाददाता, सोरोंजी

- **भागवत में वर्णित 108 देवियों में से एक हैं तीर्थ नगरी सोरों की जयादेवी माता**
- **ज्योतिषाचार्य बोले-यहां नवरात्र में दर्शन करने से लोगों की पूर्ण होती हैं सभी मनोकामनाएं**

**अमृत विचार :** उत्तर भारत की प्रसिद्ध तीर्थ नगरी सोरों सबसे बड़ा तीर्थ है। इस आदि तीर्थ में पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। यहां नवरात्र में पूजा के लिए विशेष मान्यता है। भागवत में वर्णित 108 देवियों में से एक देवी माता जयादेवी जन्म-जन्मांतरों के पापों से मुक्ति दिलाती हैं। यह सिद्धपीठ है। सोरों के तीर्थ पुरोहित ने यहां दर्शन और पुण्य लाभ कमाने का उपाय बताए हैं।

आदितीर्थ शूकरक्षेत्र धाम, सोरों के ज्योतिषाचार्य राहुल वाशिष्ठ ने बताया कि श्रीमद्देवीभागवत के अनुसार भगवान शंकर के प्रति द्वेषबुद्धि रखने वाले दक्षप्रजापति के यज्ञ में भगवती सती ने आत्मदाह कर दिया था, उस समय भगवान शंकर



की कोपाग्नि से प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। परंतु देवताओं की प्रार्थना पर वे शांतचित्त हुए। इसके अनंतर भगवान शिव ने यज्ञस्थल पर जाकर भगवती सती के शरीर को अपने कंधे पर रख लिया और उन्मत्त होकर भ्रमण करने लगे। तब भगवान विष्णु ने बाणों से सती के विभिन्न अंगों को काटकर गिरा दिया। एक सौ आठ की संख्या में कटे वे अंग जहां-जहां गिरे, वहां-वहां सिद्धपीठ उत्पन्न हो गए। इस सिद्धपीठ को 108 सिद्धपीठों में 23 स्थान प्राप्त है। यहां भगवती का विग्रह महिषासुरमर्दिनी के रूप में प्रतिष्ठित है।

### यहां है यह मंदिर

यह मंदिर सोरों शूकरक्षेत्र रेलवे स्टेशन से एवं बस स्टैंड से डेढ़ किलोमीटर दूर लहरा गंगाघाट मार्ग पर प्राचीन सीताराम मंदिर के सामने 'सिद्धपीठ जयादेवी-बटुकनाथ मंदिर नाम से स्थित है, समीप में ही ग्रामदेवी का मंदिर है। यहां तक सुगमता से पहुंचने के लिए ई-रिक्शा उपलब्ध रहते हैं।

नई व्यवस्था — लालकुआं से राजकोट के बीच 11 फेरों के लिए होगा संचालन

# समर स्पेशल ट्रेन से यात्रा होगी आसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




- **यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने लिया है निर्णय**

**अमृत विचार :** यात्रीगण कृपया ध्यान दें। गर्मियों की छुट्टियों में लालकुआं से राजकोट के बीच सफर आसान हो जाएगा। समर स्पेशल ट्रेन 11 फेरों के लिए शुरू कराई जा रही है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर यह निर्णय लेते हुए समय सारिणी जारी कर दी है और शर्तें भी लागू की हैं।

इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि यह एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक रविवार को लालकुआं से दोपहर 1:10 बजे चलेगी। जो शाम 5:15 बजे कासगंज रेलवे जंक्शन पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर यह ट्रेन 7:20 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। यहां 7:25 बजे तक रुकेगी।

फिर यहां से चलकर अगले दिन सुबह 6:10 बजे जोधपुर पहुंच जाएगी। यहां से कई स्टेशनों पर होती शाम 6:10 बजे राजकोट पहुंचेगी। प्रत्येक मंगलवार को यह ट्रेन 10:30 बजे राजकोट से चलेगी जो विभिन्न स्टेशनों पर होती हुई अगले दिन सुबह 10:15 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यहां से विभिन्न स्टेशनों से पर होती हुई शाम 9:35 बजे मथुरा जंक्शन, रात 11:35 बजे कासगंज जंक्शन और उसके अगले दिन 4:05 बजे लालकुआं पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन 11 फेरों के लिए चलाई गई है। गर्मी में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

## सोरों में आईटीबीपी एवं पुलिस के जवानों ने किया पैदल मार्च

**कासगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव शांति एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से तीर्थ नगरी सोरों में इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस एवं आईटीबीपी के जवानों ने कस्बे में पैदल मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों ने बूथों का भी निरीक्षण किया। जिले में लोकसभा चुनाव के लिए सात मई को मतदान होगा। चुनाव शांति और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो इसके लिए एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर सोरों के इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने आईटीबीपी के जवानों के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया।









# हजारा नहर में डूबे दोस्तों में दो के शव मिले

## लापता किशोरों की तलाश में जुटी रहीं एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें


शव मिलने के बाद एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाते जवान। ● अमृत विचार


किशोरों के बारे में सांसद राजवीर सिंह को जानकारी देते सीओ अजीत चौहान।

**मौके पर पहुंचे सांसद :** सांसद राजवीर सिंह भी शुक्रवार को मौके पर पहुंचे और पुलिस के अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सीओ सिटी अजीत चौहान ने सांसद को पूरे घटना क्रम से अवगत कराया। सांसद के साथ सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, डीएस लोधी और अन्य लोग भी शामिल रहे।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **नहर में स्नान के दौरान ईद के दिन डूबे थे नौ दोस्त, 3 की तलाश**
- **बरेली और गाजियाबाद से आईं हैं आपदा नियंत्रण टीमें**

**अमृत विचार :** ईद पर पिकनिक मनाने एटा से कासगंज आए नौ दोस्त हजारा नहर में डूब गए जिसमें चार को भी बचा लिया गए, जबकि पांच की तलाश जारी रही। गाजियाबाद और बरेली से आई टीमों ने रेस्क्यू कर दो किशोरों के शव निकाले हैं, जबकि तीन लोग अभी लापता हैं। नहर पर ग्रामीणों का तांता लगा हुआ है। टीमें अन्य की तलाश में जुटीं हुईं हैं।

गुरुवार दोपहर को जिला एटा के गांव नगला पोता निवासी मुजाहिद, सलमान, आसिफ, शाहिद, सोहेल, फैजान, फरमान, रोहित, अभिषेक शर्मा ईद पर पिकनिक मनाने नदरई स्थित झाल के पुल पर आए थे। यहां वे नहाने के लिए हजारा नहर में उतर गए। पहले मौजमस्ती करते रहे। फिर एक के बाद एक डूबने लगे। नहाने वालों को डूबते देख ग्रामीण चार लोगों को तो सकुशल बाहर निकाल लिया। जबकि मुजाहिद, सलमान, शाहिद, अभिषेक और आसिफ पानी में डूबकर लापता हो गए। जब उनका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो बरेली से एसडीआरएफ एवं गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम बुलाई गईं। दोनों टीमों ने हजारा नहर में लापता किशोरों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इसमें डूबे शाहिद और अभिषेक के शव को निकाल लिया गया है। जबकि तीन की अभी भी तलाश जारी है।

**शव मिलते ही मचा कोहराम:** दो लोगों के शव मिलते ही कोहराम मच गया। नहर किनारे लापताओं के परिजन कल से ही डेरा जमाए हुए हैं। अभिषेक और शाहिद के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वे सुधबुध खो बैठे हैं और महिलाएं अपनी चेतना खो बैठी हैं।

**24 सदस्यीय टीम कर रही सर्च ऑपरेशनः** बरेली से आई एसडीआरएफ की टीम में 14 सदस्य शामिल हैं। जबकि गाजियाबाद की टीम में 10 सदस्य शामिल हैं। 24 सदस्यीय टीम लापता किशोरों की तलाश कर रही है। वहीं एनडीआरएफ इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीएआरएफ की टीम तलाश में जुटी हुई है। दो की तलाश कर ली गई है। अन्य तीन किशोरों की तलाश में टीमें जुटी हुईं हैं।

# उठान हुआ नहीं, आखिर कैसे कर दें राशन का वितरण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **राशन विक्रताओं ने पूर्ति निरीक्षक को दिया ज्ञापन**
- **राशन वितरण की तिथि नजदीक आ रही है, नहीं हुई आपूर्ति**

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर डोर टू डोर स्टेप डिलिवरी को ठेकेदार पलीता लगा रहे हैं। राशन डीलरों के घर पर खाद्यान्न नहीं पहुंचा रहे हैं। जिससे वितरण नहीं हो पा रहा है। तिथि नजदीक आ रही और प्रशासन का भी दबाव है।

राशन विक्रेताओं ने पूर्ति निरीक्षक को ज्ञापन देकर दुकानों पर खाद्यान्न पहुंचाने की मांग की है।

पूर्ति निरीक्षक को दिए गए ज्ञापन में राशन विक्रेताओं ने कहा है कि 13 से 29 अप्रैल तक राशन वितरण की तिथि निर्धारित की गई है। जबकि माह अप्रैल का खाद्यान्न अभी तक उचित दर विक्रेताओं की दुकानों तक नहीं पहुंचा है। ऐसी स्थिति में शनिवार से राशन वितरण करना मुश्किल होगा। जब राशन ही नहीं है तो वितरण कैसे किया जाएगा। आरोप है कि ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। जल्द ही दुकानों पर खाद्यान्न पहुंचाया जाए। जिससे की समय से उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध करा दिया जाए। राशन विक्रेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि मनमानी हुई तो सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में नूरउद्दीन, जागन सिंह, सावित्री देवी, सूबेदार सिंह, आर्येंद्र कुमार, शिखा शर्मा, सरला देवी प्रमुख हैं।

# देव प्राण-प्रतिष्ठा और भागवत कथा का आयोजन 14 से 20 तक

**एटा अमृत विचार :** हाथरस जलेसर मार्ग पर स्थित गांव खुशाल सिंह में अनंत श्री विभूषित रवि शंकर महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य में देव प्राण-प्रतिष्ठा एवं भागवत कथा का आयोजन 14 से 20 अप्रैल को होगा। जानकारी देते हुए ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कथा व्यास सुरेंद्र शास्त्री वृंदावन धाम के द्वारा कथा वाचन होगा। इस दौरान प्रतिदिन रात्रि 7.30 बजे से स्वामी लेखराज ओमप्रकाश शर्मा वृंदावन धाम के द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा। साथ ही 19 अप्रैल को राजराजेश्वरी लक्ष्यार्जुन 1 लाख अर्चन किए जाएंगे। वहीं यज्ञ का आयोजन एवं भंडारे का आयोजन 20 अप्रैल किया जाएगा।

# बैलगाड़ी में घुसा अनियंत्रित ई-रिक्शा, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **व्यक्ति की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**
- **मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अमृत विचार :** ढोलना थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम किनावा के समीप ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बैलगाड़ी में जा घुसा। जिससे ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। व्यक्ति की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक बृजेश

थाना ढोलना के गांव इखौना निवासी 40 वर्षीय बृजेश कुमार पुत्र सोन सिंह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शाम लगभग सात बजे वह ढोलना से ई-रिक्शा लेकर वापस अपने गांव इखौना आ रहा था। तभी गांव किनावा के समीप ई-रिक्शा बैलगाड़ी में जाघुसा। जिससे बृजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिक रक्तश्राव हो जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गांव इखौना में बृजेश के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे। सूचना थाना ढोलना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि यदि परिजन जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल कोई तहरीर अभी तक नहीं मिली है।

## वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**एटा, अमृत विचार :** बागवाला थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसको उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है। घटनाक्रम के अनुसार बागवाला थाना क्षेत्र के ग्राम लोया बादशाहपुर निवासी शिवम तोमर (26) पुत्र प्रेमपाल सिंह और अतिवीर सिंह (50) पुत्र बाबूराम को गांव के पास जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। जबकि अतिवीर की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर किया है।

## सार-संक्षेप

### मॉडिफाइड बाइक पर फर्राटा भर रहे युवकों को हिदायत



**कासगंज, अमृत विचार :** नियमों का उल्लंघन करने पर यातायात पुलिस सख्त हो गई है। बाइक में मॉडिफाइड बाइक व साइलेंसर लगाकर फर्राटा भरने पर अब लहरिया बाइकर्स पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसा ही यातायात पुलिस ने शुक्रवार को किया है। जब चार लहरिया बाइकर्स की बाइक सीज कर दी है और कई के चालान भी किए हैं। वहीं नियमों का उल्लंघन करने पर ऑटो के चालकों पर भी कार्रवाई की है। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वायु प्रदूषण को भी असंतुलित किया जा रहा है और लहरिया बाइकर्स लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में सीओ यातायात अजीत चौहान के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अभियान जारी रहेगा और कार्रवाई की जाती रहेगी।

### निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक चारपाई पर सोते मिले

**जलेसर अमृत विचार :** जलेसर के उप जिलाधिकारी द्वारा किए जा रहे मत देय स्थलों के निरीक्षण के दौरान ग्राम पायदापुर में प्रधान अध्यापक अनार सिंह चारपाई पर सोते हुए मिले। वहीं विद्यालय की भूमि पर चल रही नर्सरी का लेखा जोखा न मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे पत्र में जांच कराकर कार्रवाई की संस्तुति की। उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदेय स्थलों की जांच के दौरान पायदापुर पहुंचने पर प्रधान अध्यापक अनार सिंह चारपाई पर सोते मेरे सोने के संबंध में जानकारी चाहिए तो उनका कहना था वह बीमार है लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान अध्यापक हमेशा विद्यालय जाकर चारपाई पर सोते रहते हैं। विद्यालय की भूमि के संबंध में जानकारी चाहिए तो गांव के सोरन सिंह के द्वारा नर्सरी का कार्य किया जा रहा है लेकिन इसके संबंध में विद्यालय प्रधानाध्यापक कोई जवाब नहीं दे पाए। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे पत्र में निर्देशित किया कि शिक्षक की फिटनेस जांच कराई जाए एवं विद्यालय की भूमि में चल रही नर्सरी का पट्टा हुआ है या नहीं। इस पट्टे की भूमि सरकारी खाते में जमा है या नहीं जांच कराकर कार्यवाही की जाए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी के एम दौहरे, शिक्षक एवं अन्य मौजूद थे।

### डिप्टी सीएमओ ने मां दुर्गा क्लीनिक किया सील

**एटा अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में सिघंम के नाम से विख्यात डिप्टी सीएमओ अवैध चिकित्सा व्यवसाय ड़. सर्वेश कुमार ने आज तहसील जलेसर के इसौली रोड स्थिति गिलौला चैराहे पर अपनी टीम के साथ अचानक छापामार कार्यवाही करते हुऐ मां दुर्गा क्लीनिक को सील कर नोटिस थमाया है। मालूम हो कि उक्त क्लीनिक काफी समय से स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंककर अवैध तरीके से क्लीनिक का संचालन कर रहा था। यहां झोलाछाप व्यक्ति द्वारा गलत उपचार करने से एक व्यक्ति की जान चले जाने का समाचार सोशल मीडिया व समाचार पत्रों मे प्रकाशित होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वयं संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।

### जलेसर में सपा प्रत्याशी सुरेश का पूर्व विधायक समेत कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जलेसर, अमृत विचार :** आगरा लोकसभा के सपा गठबंधन प्रत्याशी सुरेश का जलेसर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रणजीत सुमन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम में जलेसर के रेलवे रोड स्थित गार्डन में हुआ। इस दौरान उन्होंने मौजूद सभी लोगों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष परवेज जुवेरी ने की। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सुरेश ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से ही मुझे सांसद प्रत्याशी के रूप में टिकट दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों को वचन देता हूं कि मैं हमेशा आपके सुख-दुख में शामिल रहूंगा। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए कार्यों के बारे में भी उल्लेख किया गया। सांसद प्रत्याशी ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। साथ ही कार्याकर्ताओं से पार्टी के लिए काम करने की अपील की गई। ताकि भाजपा पार्टी पिछले बार से भी ज्यादा बहुमत से आगरा लोकसभा क्षेत्र में विजय प्राप्त करें। इस दौरान जलेसर के पूर्व विधायक रणजीत सुमन और कांग्रेस के संजू रजा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। बैठक में जलेसर, पावागढ, नादौली के लोग उपस्थित रहे।

### अर्द्धसैनिक बल व पीएसी के जवानों का फ्लैग मार्च



**एटा अमृत विचार :** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण और सकुशल बनाने के उद्देश्य से, जनपदीय पुलिस ने शुक्रवार को सैनिक बल (आईटीबीपी) और पीएसी बल के साथ थाना अवागढ़ और थाना अलीगंज क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन कार्रवाई की। अर्द्धसैनिक बल के साथ थाना अवागढ़ पुलिस ने ग्राम नगला भूरा, नगला गलुआ, नगला चित्रर, ग्राम नोहरी, ग्राम वृंदावन, नगला राजा, नगला खेड़ा, नावली, और कस्बा वसुंधरा में और इसके साथ ही, पीएसी बल के साथ थाना अलीगंज पुलिस ने ग्राम अकबरपुर कोट, झकरई, दाऊदगंज, हरसिहपुर, चमन नगरिया, पुराहार, लडसिया, नगला जैत, हतसारी, और कस्बा अलीगंज फ्लैग मार्च किया। यह एरिया डोमिनेशन कार्रवाई निष्पक्ष और भय मुक्त मतदान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी। इस समारोह में स्थानीय आवासीयों को सुरक्षित और निष्पक्ष चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस साथ ही, जनपदीय पुलिस ने आम जनता के सुरक्षा और सुरक्षित मतदान के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। यह कदम लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## 21 को निकाली जाएगी महावीर शोभायात्रा

**बिल्सी।** जैन समुदाय द्वारा भगवान श्री महावीर जयंती के उपलक्ष्य में एक बैठक जैन समाज के अध्यक्ष मृगांक कुमार जैन के आवास पर हुई। जिसमें जैन संत रत्न छुल्लक श्री 105 विशंक सागर महाराज मौजूद रहे। बैठक में 21 अप्रैल को निकाली जाने वाली महावीर स्वामी की शोभायात्रा को लेकर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी प्रशांत जैन ने बताया की महावीर स्वामी के जीवन से संबंधित झांकियां जिसमें चंदन वाला द्वारा आदिनाथ स्वामी को आहार देने एवं महावीर स्वामी की ध्यान मुद्रा, महिलाओं द्वारा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस मौके पर नीरेश जैन, वितेन्द्र जैन, विक्की जैन, स्वस्ति जैन, शालनी जैन, इन्दु जैन, शीला जैन आदि मौजूद रहे।

**तमाम गरीब प्रतिभाओं को दिलाया मुकाम तो कइयों को कर रहीं हैं पारंगत**

# प्रतिभाओं के हौसलों को पंख लगा रहीं कासगंज की हिमांशी

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**


हिमांशी द्विवेदी को सम्मानित करतीं मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार :** नृत्य में पारंगत हिमांशी की प्रतिभा ने जब जादू बिखेरा तो टीवी सीरियल दीया और बाती से बुलावा आया। लेकिन उसने आराम की जिंदगी को नहीं चुना। उनका तो मन उन गरीबों प्रतिभाओं को सपनों को उड़ान देना था जो धन के अभाव दम तोड़ रहे हैं। यही वजह है कि वह गरीब बच्चों को निःशुल्क कत्थक सिखा रही है। इनमें कई बालिकाएं नृत्य का जादू बिखेर रहीं हैं।


शिक्षा और ज्ञान मां सरस्वती का ऐसा वरदान है कि इसे जितना बांटा जाए, खजाना उतना ही बढ़ता है। इस वाक्य को उद्देश्य बनाकर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुकी हिमांशी ने अब तक तमाम प्रतिभाएं निखार दी हैं। गली पचौरियान निवासी सीवी द्विवेदी की 23 वर्षीय पुत्री हिमांशी द्विवेदी कत्थक नृत्य में निपुण है। 10 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने कासगंज का नाम प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में रोशन किया था।

इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 2012 में मुंबई में हुई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उसने ख्याति प्राप्त की। फिर विशाखापट्टनम में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया है। अब वही प्रतिभाओं को निखारने के लिए मां सरस्वती के वरदान को छात्राओं के बीच बांटने लगी। कासगंज में अपने घर पर छात्राओं को निःशुल्क नृत्य की कक्षाएं शुरू कर दीं।

**हिमांशी को मिले विभिन्न पुरस्कार**

- हिमांशी को राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल ने पांच साल पहले सम्मानित किया।
- पिछले ही दिनों हिमांशी की कला के कारण उनकी मां को सुपर मॉम आवार्ड मिला।
- एक साल पहले हिमांशी को मास्टर डिग्री पीएचडी मिली और वह कत्थक की डॉक्टर बनी।
- पिछले साल नवंबर माह में अचीवर ऑफ द ईयर बनीं हिमांशी को माधुरी दीक्षित ने सम्मानित किया।
- हिमांशी को दिल्ली में दो साल पहले नृत्य रत्न से नवाजा गया।

# अति संवेदनशील मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण


मतदेय स्थलों का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावो के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है पुलिस और प्रशासन उतनी ही कड़ाई से कार्य प्रारंभ कर रहा है पुलिस एवं प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने अति संवेदनशील संवेदनशील मत देय स्थलों का निरीक्षण किया।

जिसमें प्राइमरी विद्यालय अताउल्लहपुर विष्नीपुर कुसेत रेजुआ नगला गोपाल नगला घनश्याम नगला जीवाराम पद मतदेय स्थलों पर मौजूद कर्मियों जिसमें वेब कास्टिंग कैमरा स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि की व्यवस्था जांची गई। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समस्त बिंदुओं का सत्यापन भी किया। इस दौरान यूपी जिला अधिकारी जगमोहन गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस के एम दोहरे, कोतवाली प्रभारी आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ संचालक गिरफ्तार, हथियार बरामद

## ग्राम नगला गोदी, ईशन नदी के पुल के पास दबोचा गया और उसका भाई फरार

**संवाददाता, एटा**


बरामद किए गए अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए आरोपित के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महीने की शुरुआत में जनपदीय पुलिस ने एक अवैध हथियारों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में एक अपराधी और शस्त्र फैक्ट्री के संचालक को गिरफ्तार किया गया है। इसमें 33 (25 बने-08 अधबने) अवैध शस्त्र और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

12 अप्रैल 2024 को थाना निधौली कलां पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्रवाई की। उन्होंने सुबह के 5:45 बजे हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के गांव भिसी मिर्जापुर निवासी अवैध शस्त्र तस्कर पूरन पुत्र बाबूलाल को ग्राम नगला गोदी, ईशन नदी के पुल के पास गिरफ्तार किया। उसका भाई कमलेश फरार हो गया। इस ऑपरेशन में 23 अवैध तमंचे 315 बोर, एक अवैध रायफल 315 बोर, एक अवैध पौनिया 315 बोर, 08 तमंचे अधबने, 02 जिंदा और 03 खोखा कारतूस 315 बोर, 04 नाल 12 बोर और 09 नाल 315 बोर के साथ बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी अन्य जनपदों में अवैध शस्त्र फैक्ट्रियों के मामलों में जेल जाने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि ये आरोपित पुराने और खराब तमंचे भी सही करते हैं। ये अपराधी सिकंदराऊ, जलेसर, कासगंज, एटा और आसपास के जनपदों में तमंचे बनाकर बेचने का अपराध करते हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जेपी. अशोक (थाना निधौली कलां पुलिस), निरीक्षक अपराध गोविन्द सिंह, उमंग चैधरी, शीषपाल, अमित तौमर (सर्विलांस टीम जनपद एटा), जितेन्द्र राघव आदि शामिल रहे। साथ पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने टीम को 25 हजार रुपये का पुरुस्कार दिया है।

## अब्बास की जान को खतरा बताया, भाई दायर करेगा याचिका

**कासगंज, अमृत विचार :** मेरे भाई अब्बास अंसारी को कासगंज जेल में खतरा है। उसे कासगंज जेल से कहीं दूसरे जेल में शिफ्ट किया जाए। यह मांग अब्बास के भाई उमर अंसारी ने करते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर करने की तैयारी की है। इसे लेकर जेल प्रशासन सतर्क हो गया है।

पिता मुख्तार के फातिहा में शामिल होने के लिए अब्बास अंसारी 10 अप्रैल को गाजीपुर गया था। उसके बाद उसे जेल में शिफ्ट कर दिया गया। यहां अब्बास से मिलने के बाद उसके भाई उमर अंसारी ने यह आशंका जाहिर की है। इस संबंध में कासगंज जेल अध्यक्ष विजय विक्रम सिंह ने कहा कि पूर्व में भी आशंका जाहिर की गई थी। तब हमसे रिपोर्ट मांगी गई। अब भी कोई रिपोर्ट मांगी जाएगी तो रिपोर्ट देंगे। जेल में अब्बास की सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। जो भी निर्देश मिलेगा उसका पालन होगा।

# बूथों की मजबूती दिलाएगी चुनाव में सफलता: रजनी

- बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शिक्षामंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**संवाददाता, गंजडुंडवारा**

**अमृत विचार :** कस्बा के रेलवे रोड स्थित पंचायती बाग में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र पटियाली का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने बूथ अध्यक्षों को सबसे बड़ा पदाधिकारी बताया और आह्वान किया कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए कासगंज-एटा से राजवीर सिंह को जिताएं। बूथों की मजबूती ही चुनाव में सफलता दिलाती है।

एटा लोकसभा सीट के बीजेपी प्रभारी नागेंद्र गामा एवं बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्यौराज सिंह ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो बूथ कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। पिछले चुनाव भी हम बूथ अध्यक्षों की बदौलत जीत गये। इसे पुनः दोहराना है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता, मेरा बूथ सबसे मजबूत के नारे वास्तव में बूथ सम्मेलन का मंत्र है।

पूर्व विधायक रज्जन पाल सिंह, ममतेश शाक्य, नीरज किशोर मिश्रा, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री राजवीर सिंह, शम्मी कपूर गुप्ता, नगर अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल, मुकेश भदौरिया, घरणीश गौतम, वरुण चौहान, रवि शाक्य, पुष्कर पुंढीर, राम प्रताप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

**राजवीर सिंह 15 को करेंगे नामांकन**

भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया 15 अप्रैल को नामांकन करेंगे। उनके नामांकन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शामिल होंगे।

## बाबा साहेब की जयंती पर 14 को निकलेंगी भव्य शोभा यात्राएं

**बदायूं, अमृत विचार:** 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। शहर सहित देहात क्षेत्र में शोभा यात्राएं निकाली जाएंगीं। इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने मजिस्ट्रेट नामित किए हैं। शहर में शोभायात्रा का प्रारंभ डॉ. आंबेडकर पार्क से होगा। जोकि शहर प्रमुख चौराहों और मार्गों पर होती हुई शिव मंदिर गांधी ग्राउंड पर समाप्त होगी।

शोभायात्रा के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीएम ने मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिसमें एसडीएम सदर शोभायात्रा के आगे चलेंगे। मध्य में तहसीलदार सुरेंद्र कुमार और नायब तहसीलदार शोभायात्रा के पीछे रहेंगे।

डीएम ने बताया कि तैनात मजिस्ट्रेट शोभायात्रा के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। वहीं सभी तहसीलों में आयोजित कार्यक्रमों के लिए वहां के एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# हाईटेक हुआ चुनाव, सोशल मीडिया बना चुनाव-प्रचार का माध्यम

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** डिजिटल इंडिया के दौर में चुनाव-प्रचार का तरीका ही बदल कर रख दिया है। पूर्व के दशक में जहां गली-गली भोंपू बंधे रिक्शा शोर मचाते हुए गुजरते थे। अब उनका स्थान सोशल मीडिया ने ले लिया है।

फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप व रील के माध्यम से चुनाव प्रचार किया जा रहा है। समर्थक अपने प्रत्याशी के समर्थन में तरह तरह मीम और रील बनाकर प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। प्रत्याशियों की ओर से भी सोशल मीडिया हैंडल करने के लिए आईटी टीम गठित की गई है। भोंपू से चुनाव प्रचार को आज भी पुराने लोग याद करते हैं। जनसभा, रैली, जनसंपर्क या नुक्कड़ सभाएं, सभी में भोंपू से ही उम्मीदवार प्रचार करते थे। जैसे ही भोंपू की आवाज सुनाई पड़ती थी, सभी वहां पहुंच जाते थे।

साठ के दशक से चुनावी प्रचार देख रहे विष्णु कुमार मिश्रा बताते हैं, उस दौर में भोंपू ही प्रचार मुख्य साधन माना जाता था। प्रचार करने वाले पैदल तो कभी तांगे पर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते थे। उम्मीदवार भी मोहल्लों में पहुंचकर किसी के मकान की चौपाल को मंच के रूप में उपयोग कर भाषण देते थे।

**बदल गए तौर-तरीके**

कभी भोंपू से प्रचार के दौरान मकानों की चौपाल को मंच ने चुनावी रण में अपनी जगह बनाई हो, लेकिन अब ऐसा प्रचार देखने को नहीं मिलता। बदलते दौर में चुनाव प्रचार और प्रसार के तौर-तरीकों में काफी बदलाव आया है। अब आधुनिक मशीन, एलईडी डिस्प्ले और सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव-प्रचार हो रहा है।

- फेसबुक, व्हाट्सएप व रील पर चुनाव प्रचार करा रहे प्रत्याशी
- पहले लाउडस्पीकर और पर्चा बांटकर होता था चुनाव-प्रचार पहले गली-गली घूमते थे भोंपू वाले रिक्शा

**हासिए पर पहुंचे बिल्ला पर्चा और लाउडस्पीकर**

लोकतंत्र के महापर्व ने सोशल मीडिया की दुनिया ने रौनक बढ़ा दी है। बिल्ला, पर्चा और लाउडस्पीकर से प्रचार अब हासिए पर पहुंच गया है। पार्टी और प्रत्याशियों के प्रचार की कमान अब सोशल मीडिया ग्रुप ऑपरेट करने वालों के हाथों में पहुंच गई है। पार्टियों की नजर में इस प्लेटफार्म पर कई ऐसी शख्सियतें हैं, जिनकी पहचान कविता-कहानी लिखने-पढ़ने, मीम्स-कार्टून बनाने, स्टैंडअप कॉमेडी और लोकगीत व संगीत सुनने से बनी है।

**सभी दलों के हर जगह सक्रिय हैं यूट्यूबर**

लोकतंत्र के महापर्व में सभी दलों ने विभिन्न इलाकों में यूट्यूबर सक्रिय कर दिए हैं। उनके द्वारा एक ही क्लिक से प्रत्याशी की बात मतदाताओं के घर तक बड़ी आसानी पहुंच जा रही है। इनकी रील्स, मीम्स, कार्टून, फोटो पोस्ट, छोटे-छोटे, लेकिन प्रभावी पॉडकास्ट व सनसनीखेज खबरों के जरिये आम यूजर की जिंदगी में दबे पांव सियासी संदेश दिए जा रहे हैं।

# होटल में चेन्नई के इंजीनियर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

- जवाहरपुर तापीय विद्युत परियोजना में सर्विस इंजीनियर के पद पर था तैनात

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक होटल में एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र में माया पैलेस चौराहा के समीप गुप्ता होटल में एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की गई, तब पता चला कि यह व्यक्ति जवाहर तापीय विद्युत परियोजना में सर्विस इंजीनियर जे.जयसूर्या है और वह चेन्नई का रहने वाला है। वहीं क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी ने बताया कि शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की गहनता से जांच की जा रही है। परिजनों को अवगत करा दिया गया है।

**युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश**

**एटा अमृत विचार :** जनपद कासगंज के थाना व कस्बा सिढ़पुरा निवासी अनिल कुमार पुत्र रामवीर सिंह ने गृह क्लेश के चलते घर पर ही जहर का सेवन कर लिया। बीती रात परिजनों द्वारा उसको उपचार के लिए यहां के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए अन्यंत्र रेफर कर दिया है।

## वार्ड ब्वाय की जांच पूरी विभागीय कार्रवाई की तैयारी

- जिला अस्पताल में मरीजों को दवाएं लिखते मिले वार्ड ब्वाय को किया गया था निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार :** मरीजों को दवाएं लिखने का आरोपी और जेल जाने वाले दूसरे वार्ड ब्वाय को जिला अस्पताल प्रशासन ने निलंबित कर दिया था। सीएमएस ने दोनों वार्ड ब्वाय की जांच डॉ. अमित वार्ष्णेय को सौंपी थी। जो पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट सीएमएस को सौंपी जाएगी। जिसके आधार पर दोनों वार्ड ब्वाय पर विभागीय कार्रवाई होगी। जिला अस्पताल का वार्ड ब्वाय दीक्षित कुमार मार्च में मरीजों को दवाएं लिखता पकड़ा गया था। उसे सीएमएस ने उसी दिन निलंबित कर दिया जबकि दूसरा वार्ड ब्वाय महेंद्र उर्फ राजू जुआ खेलने के मामले में जेल भेजा गया था। राजू जेल से आने के बाद ड्यूटी करने लगा। सीएमएस को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने राजू को भी उसी दिन निलंबित किया था। सीएमएस ने दोनों वार्ड ब्वाय की जांच कराई। जांच अधिकारी ने जांच पूरी कर ली है। जांच रिपोर्ट सीएमएस को दी जाएगी। जांच अधिकारी के अनुसार दोनों वार्ड ब्वाय पर लगा आरोप सही निकला है। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि लापरवाही और मनमानी के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। कई शिकायतें मिल चुकी हैं। इन दोनों वार्ड ब्वाय को निलंबित करने के बाद जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल के चिकित्सक ही मरीजों को दवा लिख सकते हैं या मरीजों को सलाह दे सकते हैं।

## सेमीट्रेलर के निर्माता पर एक लाख रुपये जुर्माना


चेकिंग के दौरान कार्रवाई करता अधिकारी। ●

**बदायूं, अमृत विचार :** यात्रीकर अधिकारी रमेश प्रजापति ने जिले में विभिन्न मार्गों पर चेकिंग की। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर हरियाणा से पंजीकृत 18 टायर का ट्राला रोका। पेपर चेक किए तो पता चला कि वह ट्राला ट्रक की बॉडी पर बनवाया गया था। सेमीट्रेलर के निर्माता पर एक लाख रुपये और वाहन स्वामी पर पांच हजार रुपये जुर्माना डाला गया। उन्होंने 2021 से बिना फिटनेस के दौड़ रही एंबुलेंस भी सीज की। जिसी कोतवाली बिसौली में खड़ी कराई गई है। इसके अलावा एक निजी बोलेरो स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर चल रही थी। जिसका चालान किया गया और पंजीयन संबंधी नोटिस दिया गया। इसके अलावा एक एंबुलेंस के पास पंजीयन नहीं था और न ही चालक पर ड्राइविंग लाइसेंस था। एंबुलेंस को सीज किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. गौरव प्रताप सिंह पुत्र स्व. प्रबल प्रताप सिंह, निवासी-नई बस्ती तहसील शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ने अपने जीवन काल में शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद एवं जिला उन्नाव में कई बैंकों में बचत खाते खोल रखे थे एवं कुछ अचल सम्पत्तियाँ एवं कृषि भूमि भी खरीद रखी थी। यदि कोई व्यक्ति उनकी उक्त सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त करता है तो वह अवैध होगी और उसके खिलाफ समस्त कानूनी कार्यवाही अपनाई जावेगी।

द्वारा
अधिवक्ता उमंग रावत एडवोकेट
ग्रेटर ग्रीन पार्क, बरेली मो.नं. 9837811502
कु. मान्या सिंह पुत्री स्व. गौरव प्रताप सिंह,
वर्तमान निवासी- द्वारा ओ.पी. सिंह, (नाना),
एस/2/129बी, ग्रीन पार्क विस्तार,
थाना बारादरी, जिला बरेली-243006
द्वारा संरक्षिका सगी माता
श्रीमती रूचि सिंह पुत्री ओ.पी. सिंह।

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
122, सिविल लाइन्स, बरेली
**सर्व साधारण को सूचना**

परिषद की राजेन्द्र नगर यो0सं0-2 बरेली में स्थित भवन सं0-सी-109/2 आवास विकास परिषद द्वारा श्री संजीव जैन पुत्र श्री सतीश जैन को आवंटित किया गया था। श्री संजीव जैन पुत्र श्री सतीश जैन द्वारा श्री मिट्ठू लाल को अपना मुख्त्यारेआम नियुक्त किया था। मुख्त्यारेआम के आधार पर श्री मिट्ठू लाल द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 10.01.2002 को निष्पादित कराने के उपरान्त उक्त भवन का विक्रय श्री रूप चन्द्र पुत्र श्री तीरथ दास को कर दिया गया। श्री रूप चन्द्र पुत्र श्री तीरथ दास द्वारा अपने पक्ष में बिना अन्तरण कराये भवन का दान अपनी पुत्री श्रीमती मनीषा देवी पुत्री श्री रूपचन्द्र पत्नी स्व. श्री लक्ष्मणदास को कर दिया गया। अब श्रीमती मनीषा देवी पुत्री श्री रूपचन्द्र पत्नी स्व. श्री लक्ष्मणदास द्वारा अपने पक्ष में भवन का अन्तरण कराने हेतु प्रार्थना पत्र के माध्यम से निम्न प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये है।

अत: एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र नगर, यो0सं0-2, बरेली में स्थित भवन सं0-सी-109/2 का अन्तरण श्रीमती मनीषा देवी पुत्री श्री रूप चन्द्र पत्नी स्व. श्री लक्ष्मणदास के पक्ष में किया जाना है। भवन सं0-109/2 के अन्तगरण में किसी प्रकार की यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तद्नुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्रीमती मनीषा देवी पुत्री श्री रूपचन्द्र पत्नी स्व. श्री लक्ष्मणदास के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**आवश्यकता है**
फिल्टर बीड़ी कंपनी को पार्ट टाइम सेल्समैन की, अपना वाहन अनिवार्य है।
सम्पर्क करें-(सुबह 9-11 बजे तक)
पता- गोपी डिस्पोजल, निकट पुलिस चौकी चौराहा मिनी बाईपास सेवाधाम कॉलोनी, कर्मचारी नगर बरेली
मो. 8630810386

**मकान बिकाऊ है।**
100 वर्ग गज में पूर्ण निर्मित मकान (पश्चिम फेसिंग, 22 फिट फ्रन्ट एवं 22 फिट रोड पर) तुरन्त बिकाऊ है।
दिव्यानी एन्क्लेव, निकट धौरेरा माफी, बरेली
सम्पर्क करें-
9219151187, 9027539974

**सूचना**
पहले मेरा नाम JAVED HUSAIN था अब मैंने अपना नाम बदलकर JAVED HUSSAIN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम JAVED HUSSAIN S/O ISRAR HUSAIN निवासी मो मुनीर खां जिला पीलीभीत के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम Ridhima Narula से बदलकर Riddhima Narula पुत्री Harsh Narula निवासी 66-B, मॉडल टाउन निकट हरि मंदिर थाना बारादरी बरेली यूपी कर लिया है। भविष्य में हम इसी नये नाम का प्रयोग करेंगे, सभी नोट करें।

**REQUIREMENT**
Wanted Experienced
PRT / TGT / PGT
Administration Assistants
Tally Accountants
Office Executive
Liaisoning Assistant
Computer Operator
ST. XAVIER SCHOOL
Sainik Vihar, Opp. Bareilly Cantt.
Chanehti, Bareilly
Mob. 8532045366

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### गोवंश के शव को नोच रहे कुत्ते, उठ रही दुर्गंध

**कादरचौक।** विकासखंड कादरचौक के ग्राम पंचायत महावुरगंज में तीन दिन से मृत गोवंश पड़ा है, जिसके शव को कुत्ते नोच रहे हैं। गोवंश के शव से उठती दुर्गंध से आस पास के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्र के ग्राम महावुरगंज में छुट्टा गोवंश की तीन दिन पहले मौत हो गयी। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से गोवंश के शव को दफनाने को कहा था, मगर ग्राम प्रधान ने इस पर ध्यान नहीं दिया। गोवंश के शव को कुत्ते नोच कर खा रहे हैं। शव सड़ने लगा है। स्कूल आने जाने वाले बच्चों ने शिक्षकों से गोवंश के शव को हटवाने को कहा जिस पर शिक्षकों ने 1076 पर कॉल की, मगर नतीजा शून्य रहा। ग्राम प्रधान से गोवंश का शव उठाने को कहा गया मगर ग्राम प्रधान ने किसी बात पर ध्यान नहीं दिया।

### गमी की ईद मिलने आए दो युवक हादसे में घायल

**बिसौली।** ईद मिलकर वापस लौट रहे दो युवकों की बाइक को किसी वाहन ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में टक्कर मार दी। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मई निवासी आरिफ पुत्र यासीन, शाकिर पुत्र कल्लू ईद के त्योहार की शाम बाइक से अपने रिश्तेदार कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव नवीगंज आए थे। जहां गमी की ईद थी। ईद मिलने के बाद वह दोनों वापस लौट रहे थे। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में पेट्रोल पंप के सामने किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से होगी

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से 27 जून तक होगी। परीक्षा तीन पालियों में सुबह 7 से 9 बजे, द्वितीय पाली 11 से 1 बजे और तृतीत पाली में 3 से पांच बजे तक होगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

# पुलिस नाकाम, हत्यारोपी पर मृतक के भाई ने घोषित किया 20 हजार ईनाम

## दो अप्रैल को बदायूं के युवक की बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र में हुई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आरोपी तनु भेजी जा चुकी है जेल, दूसरे आरोपी सनी को नहीं पकड़ पाई पुलिस



हत्यारोपी को पकड़ने या सूचना देने वाले को ईनाम देने की घोषणा करते मृतक शिवांशु के भाई अभिषेक। साथ में उनके माता-पिता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बदायूं के युवक की बरेली में हत्या मामले में पुलिस एक हत्यारोपी युवती को जेल भेज चुकी है जबकि दूसरा हत्यारोपी सनी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने 8 अप्रैल को नवादा चौराहे पर जाम लगाया था। पुलिस ने दो दिन में हत्यारोपी को गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया था। पुलिस ने कई जिलों में दबिश दी है लेकिन हत्यारोपी को नहीं पकड़ सकी। शुक्रवार को मृतक के भाई ने हत्यारोपी सनी की सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है।

शहर के आरिफरपुर नवादा निवासी किराना व्यापारी निकलेश के बेटे शिवांशु को उसके दोस्त सनी और उसकी प्रेमिका तनु ने षड्यंत्र रचकर दो अप्रैल को बरेली अपने कमरे पर बुलाया था। शिवांशु और तनु के बीच भी प्रेम प्रसंग था। शिवांशु रात आठ बजे बरेली पहुंचे। तनु उसके साथ लगभग साढ़े 10 बजे तक शहर में घूमी।

जिसके बाद तनु शिवांशु को बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर स्थित अपने कमरे पर ले गई। तनु ने शिवांशु के हाथ पकड़े और सनी ने उसके दुपट्टे से शिवांशु का गला कसकर हत्या कर दी। अगले दिन मोहल्ला मढ़ीनाथ के पास जंगल में शव फेंक दिया था। वहीं दो अप्रैल को देर रात घर न पहुंचने पर शिवांशु के परिजनों ने उनकी तलाश की थी। पता न चलने पर पुलिस के पास पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने शिवांशु की कॉल डिटेल निकलवाई तो तनु के बारे में पता चला। पुलिस ने तनु को हिरासत में लेकर पूछताछ की उसने पुलिस को हत्या करने के बारे में बताया। पुलिस ने बरेली से बोरे में बंधा शिवांशु का शव बरामद किया था। अगले दिन पुलिस ने तनु को जेल भेज दिया। इसी दिन शाम को परिजनों ने नवादा चौराहे पर जाम लगाया।

पुलिस ने आश्वासन दिया कि हत्यारोपी सनी को दो दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिजन शांत हो गए थे। पुलिस सनी को तलाश रही है। गुरुवार को सनी की लोकेशन बरेली में मिली। पुलिस पहुंची लेकिन वह हत्थे नहीं आया। परिजनों को आश्वासन देने के चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं सकी तो शुक्रवार को मृतक शिवांशु के भाई अभिषेक का वीडियो सामने आया है।

जिसमें उन्होंने सनी को पकड़ने या उसकी सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तीन टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आज बारिश के आसार

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से जिले में शनिवार और रविवार को आंधी और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। पिछले तीन दिन से लगातार गर्मी हो रही है।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 38 और न्यूनतम सामान्य से 2.4 डिग्री कम 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मध्य क्षोभ मंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से बारिश होने की संभावना है।

शनिवार को कहीं-कहीं पर गरज के साथ बौछार पड़ने का अनुमान है, जबकि रविवार को कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ही 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। इससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जाएगी। 15 अप्रैल से मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद फिर तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।

# दुकान के बाहर खड़ी सभासद की बाइक चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सीसीटीवी फुटेज में दिखा बाइक ले जाता युवक।

**अमृत विचार :** शहर में बाइक चोरी की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। गुरुवार को सरेशाम दुकान के बाहर खड़ी सभासद की बाइक चोरी कर ली गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सभासद ने पुलिस को तहरीर दी है।

कोवताली सदर क्षेत्र के मोहल्ला ब्राह्मपुर निवासी मुकेश कुमार साहू पुत्र पुत्र चंद्रपाल साहू वार्ड 15 के सभासद हैं। मोहल्ला जोगीपुरा में बाजार इंडिया के शोरूम के सामने उनकी दुकान है। गुरुवार को ईद के त्योहार के चलते बाजार बंद था लेकिन वह अपनी दुकान पर गए थे। अपनी दुकान के पास बंद दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। वह अपनी दुकान के शटर की धुलाई कर रहे थे।

इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और उनकी बाइक से सटकर खड़ा हो गया। कुछ ही देर में उसने बाइक स्टार्ट की और लेकर चला गया। मुकेश कुमार ने बाजार इंडिया और एक ग्लास हाउस पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई तो युवक बाइक ले जाता नजर आया। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है।

### गांव दजरामपुर में हजारों की चोरी

**नूरपुर पिनौनी।** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में चोरों का आतंक है। आए दिन चोरियां हो रही हैं। पुलिस घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही है। गुरुवार रात चोरों ने गांव दजरामपुर निवासी मोहर पाल के घर को निशाना बनाया। उनके घर से 28 हजार रुपये, सोने व चांदी के आभूषण, मोबाइल आदि ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कछला-शाहबाद हाईवे पर बनेगा श्याम बाबा का मंदिर और धर्मशाला

संवाददाता, बिल्सी



समिति द्वारा सम्मानित किए गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बीते गुरुवार की रात नगर के तहसील रोड स्थित नारायन ग्रीन हाउस में श्री अक्रूर जी सेवा समिति के तत्वावधान में श्री अक्रूर जी महाराज जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव का आरंभ श्री राधा माधव के संकीर्तन से किया गया। जिसमें लाडली जी के भजनों को सुनकर पूरा वार्ष्णेय समाज राधामय हो गया।

उत्सव में श्री अक्रूर जी महाराज का भव्य श्रृंगार मुन्ना बाबू वार्ष्णेय ने किया। समिति के संस्थापक दिनेश बाबू वार्ष्णेय ने कछला-शाहबाद हाइवे पर स्थित गांव दिधौनी के निकट वार्ष्णेय धर्मशाला के निर्माण लिए दो बीघा और खाटू श्याम बाबा के मंदिर को एक बीघा भूमि दान देने की घोषणा की। जिस पर समाज के लोगों ने उनका आभार जताते हुए सम्मानित किया।

समाज की मेघावी छात्रा रेशू वार्ष्णेय समेत कई छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा वार्ष्णेय समाज की वयोवृद्ध महिलाओं को श्री रामचरित मानस की पुस्तक देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दिनेश कुमार वार्ष्णेय, प्रफुल्ल वार्ष्णेय, दिनेश वार्ष्णेय, गणेश वार्ष्णेय और सौरभ बाबू को निःशुल्क स्वर्ग वाहन के संचालन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुन्ना बाबू वार्ष्णेय, भगवती प्रसाद गुप्ता, राजकमल गुप्ता, सुरेश बाबू वार्ष्णेय, डॉ श्रीकृष्ण गुप्ता, गिरिराज किशोर वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, मनमोहन साईं, अनुभव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म और अपहरण के आरोपी ने किया सरेंडर

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसावां क्षेत्र के कस्बा निवासी किशोरी का 28 मार्च को अपहरण करके चलती कार में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। किशोरी के परिजन और पुलिस को देखकर आरोपी किशोरी को कस्बा में छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने एक आरोपी जिला शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव हंसी नगला निवासी अवधेश फौजी पुत्र नेकराम को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस अन्य आरोपी उसावां कस्बा निवासी ब्रजेश और विवेक की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को आरोपी ब्रजेश ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। विवेक की तलाश चल रही है।

# भाईचारे को मजबूत करता है ईद का त्योहार

संवाददाता, दातागंज/म्याऊं



ईद मिलन समारोह मनाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दातागंज तहसील वार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन मीटिंग हाल में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आशा दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। दुर्गा पूजा, होली, ईद या क्रिसमस साझी संस्कृति का हिस्सा हैं।

विशिष्ट अतिथि जाने आलम वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि आज का युग डिजिटल का है। इस बात की खुशी है कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश में विकास ऊंचाइयों को छू रहा है। समाजसेवी मोहम्मद इसहाक एडवोकेट ने कहा कि यह बहुत पवित्र पर्व है। हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सभी एक साथ मिलकर मनाते चले आ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि धर्म सिंह यादव ने कहा कि हमारा देश विभिन्नताओं में एकता का देश है। सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग एक साथ मिलजुल कर सभी पर्व मनाते हैं। त्रिवेन्द्र सिह सचिव व आमीन अन्सारी ने कहा कि यह देश सभी धर्म व वर्गों का देश है।

किसी भी मुल्क, समाज व कौम की तरक्की के लिए लोगों में आपसी प्रेम व सद्भाव जरूरी है। मोहम्मद जाहिद हुसैन ने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का धर्म है। सर्वेश सक्सेना ने कहा कि ईद का पर्व आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर राजेन्द्र कुमार, अशोक शाक्य, वब्लू सिंह, विजेन्द्र सिंह, दिनेश कठेरिया, मगलेश राठौर, अभिषेक सिंह यादव, केपी सिंह तोमर, अजय कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार चौहान, आराम सिंह यादव, पीयूष मौर्या, राकेश कुमार पुष्कर, भुवनेश सिंह, सतेन्द्र शाक्य, बलवीर सिंह शाक्य, सुखपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सलीरजा, हरवीर सिंह, उदित यादव, रविराज, सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उत्पीड़न से तंग शिक्षिकाओं ने किया हंगामा, दी आत्मदाह की चेतावनी

संवाददाता, बिलासपुर(रामपुर)

- शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक पर लगाया छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार :** बिलासपुर थाना क्षेत्र में स्थित सरकारी स्कूल की कुछ शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर पर छेड़खानी और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सहायक अध्यापिका ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध तहरीर दी।

पुलिस ने छेड़खानी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

जिस सरकारी स्कूल से यह मामला जुड़ा है उसे आदर्श विद्यालय के रूप में जाना जाता है। शुक्रवार दोपहर आधा दर्जन से अधिक शिक्षिकाएं अपने परिजनों के साथ एकत्र हुईं। इसके बाद प्रधानाध्यापक के खिलाफ हंगामा करने लगीं। शिक्षिकाओं ने बताया कि वह बच्चों को पढ़ा रहीं थीं। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने उन्हें अपने ऑफिस में बुलाया और आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। उन्होंने शोर मचाया तो प्रधानाध्यापक ने अभद्रता की।

शोर-शराबा होने पर अन्य शिक्षकाएं भी आ गईं। इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर रूद्र-बिलास चौकी पुलिस व शिक्षक संघ के ब्लकाध्यक्ष भी पहुंच गए।

बाद पीड़ित शिक्षिकाएं बिलासपुर कोतवाली पहुंची और प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

> सोशल मीडिया के माध्यम से शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाए गए है। बिलासपुर के खंड शिक्षाधिकारी से आंख्या मांगी गई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – संजीव कुमार, बेसिक शिक्षाधिकारी

## अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हुई गवाही

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। शुक्रवार को अब्दुल्लाह आजम खान के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले की सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

# रोडवेज बस खड़े ट्रक में घुसी, बच्ची सहित दो की मौत

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- मरने वालों में कुशीनगर की शिक्षिका भी, परिचालक समेत 21 घायल, मची चीख पुकार



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बस।

**अमृत विचार:** गोरखपुर से नई दिल्ली जा रही पडरौना डिपो की रोड़वेज की बस हाईवे पर शुक्रवार तड़के तिलहर क्षेत्र में एक खड़े ट्रक में घुस गई। बस के एक तरफ का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे बस में सवार कुशीनगर की महिला शिक्षक और बच्ची की मौत हो गई, जबकि परिचालक सहित 21 लोग घायल हो गए।

घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई गई है। उसे मेडिकल कॉलेज से बरेली रेफर दिया गया। बचे घायलों का तिलहर सीएचसी पर इलाज चल रहा है। मामूली घायलों को दूसरे वाहन से गंतव्य को रवाना कर दिया गया। पडरौना डिपो की रोडवेज बस लगभग 25 यात्रियों को गोरखपुर वाया कुशीनगर से होकर दिल्ली जा रही थी। शुक्रवार तड़के करीब 4:15 बजे बस तिलहर में डायमंड होटल के पास सड़क के किनारे खड़े मक्का से भरे ट्रक में पीछे से टकरा गई। घटना में परिचालक तरफ का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बस में आगे की ओर बैठी कुशीनगर के एक प्राथमिक विद्यालय की महिला शिक्षक अंजूरानी(40) की मौत हो गई। वह मेरठ के दौराला के मंडोर की रहने वालीं थीं। वहीं कुशीनगर के थाना रामपोल के गांव सिदमे निवासी परिचालक रवि कुमार शर्मा(38), बदायूं के थाना बिसौली के गांव सुजानपुर निवासी शालू(22) पत्नी ओमपाल और शालू की गोद में उसकी तीन माह की बच्ची पायल, कुशीनगर के थाना सरपतहई के गांव खजुरिया निवासी सिंगामन(32), उधम सिंह नगर के थाना खटीमा के गांव चारूबेहटा निवासी महात्मा गुप्ता(32), पप्पू(32), रामकली(36), देवूराम((40), ननकू(28), नत्था देवी(48), गोरखपुर निवासी रोहित, मुन्ना और उनकी पत्नी विंद्रावती, बेटी रिंकी, विक्रम, महाराजगंज निवासी सत्यपाल, ज्योति, गोविंद, बिजनौर निवासी हेमराज सिंह, सीतापुर निवासी देवेंद्र कुमार, बरेली निवासी रामवीर घायल हो गए। बच्ची के दोनों पैर जख्मी हो गए। उसकी मां शालू बेहोश हो गई। घटना की सूचना पर सीओ प्रयांक जैन, थाना प्रभारी विशाल प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को सीएचसी भेज दिया। गंभीर घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जबकि महिला के शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज में तीन माह की मासूम बच्ची ने भी दम तोड़ दिया। शालू को बरेली रेफर कर दिया गया।

## चलते ट्रैक्टर से निकला पहिया, चपेट में आकर बाइक सवार शिक्षक घायल

**कलान, अमृत विचार:** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर चलते ट्रैक्टर से अचानक पहिया निकल गया, जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार शिक्षक घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में पीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है। नगर के मोहल्ला उल्फत नगर परौर रोड निवासी हरीश पांडेय का पुत्र आकाश पांडेय जखिया गांव में स्थित प्राइमरी विद्यालय में अध्यापक है। वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह नौ बजे के बाद बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे से होते हुए विद्यालय जा रहा था।

मोहल्ला ब्रह्मदेव नगर भर्रामई पेट्रोल पंप के पास मदनापुर की तरफ से आ रहे एक ट्रैक्टर का आगे का पहिया अचानक खुल गया और उछल के उनको लग गया। जिसमें शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शिक्षक को कलान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ले जाया गया।

महंगाई की मार | अस्सी रुपये प्रति किलो बिक रहे भिंडी और करेला, हरी मिर्च पहुंची सौ रुपये प्रति किलो

# भिंडी नहीं हुई मंदी, हरी मिर्च में आया तीखापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



दुकान पर बिक्री के लिए रखीं सब्जी।

- कुछ दिनों से सब्जियों के भाव में तेजी से हुआ है इजाफा
- बीस रुपए किलो बिक रहा आलू, कटहल के दाम भी बढ़े

**अमृत विचार :** गर्मियों में आने वाली सब्जियां महंगी होती हैं। लेकिन इस बार तो सब्जियों की महंगाई ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ग्राहक सब्जी खरीदने से पहले सोचता है कि एक किलो लें कि आधा किलो। कटहल, भिंडी व करेला खाने को लोग तरस रहे हैं। महंगी सब्जियां दुकानों पर भी थोड़ी थोड़ी रखी मिलती हैं। हरी मिर्च महंगी होने से उसका तीखापन और बढ़ गया है।

गर्मी के दिनों में जो सब्जियां मंडी में आती हैं वह सभी महंगी होती हैं। इस साल सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। लगभग हर सब्जी में इस्तेमाल किया जाने वाला आलू दस दिन पहले दस से बारह रुपए किलो था, जो आज 20 से 25 रुपए किलो बिक रहा है। इसी तरह लौकी दस दिन पूर्व 20 रुपए किलो बिक रही थी जो आज 35 से 40 रुपए किलो बिक रही है। कटहल 15 दिन पूर्व 40 रुपए किलो था जो आज 60 रुपए किलो बिक रहा है। कद्दू भी 20 रुपए से उछल कर 30 तक पहुंच गया है। भिंडी और तोरई 80 रुपए किलो बिक रही है। इसी तरह करेला के दाम भी आसमान छू रहे हैं। अमूमन 40 से 50 रुपए किलो बिकने वाला करेला मंडी में 80 रुपए किलो बिक रहा है। ग्राहक देसी करेले की मांग करता है तो उसे हाइब्रिड करेला दिया जाता है जिसका स्वाद ठीक नहीं होता है। देसी करेला के दाम सौ रुपए किलो हैं। वह भी बहुत कम मिल रहा है इसलिए महंगा बिकता है।

गर्मियों में 50 से 60 रुपए किलो बिकने वाली हरी मिर्च का तीखापन और बढ़ गया है। हरी मिर्च सौ रुपए किलो के हिसाब से मंडी में बिक रही है। आज से दस दिन पहले तक 20 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर 40 रुपए किलो बिक रहा है। खीरा भी 30 से 40 रुपए किलो बिक रहा है। दस रुपए किलो बिकने वाला बैगन 30 रुपए किलो से नीचे नहीं आ रहा है। महंगाई की मार से सेम भी अछूती नहीं है। सेम 80 रुपए किलो बिक रही है। ऐसी स्थिति में सब्जी खरीदने से पहले सोचना पड़ता है कि एक किलो लें या फिर आधा किलो में ही काम चला लेंगे। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सब्जियां महंगी होने के कारण बिक्री भी कम हो रही है। और बड़ी मंडी से सब्जी भी कम लेकर आते हैं। शाम तक सब्जियां बिक जाती हैं तो ठीक है वरन नुकसान उठाना पड़ता है।

गर्मियों में पुदीने की एक गड्डी पांच रुपए की बिकती थी जो इस साल दस रुपए की एक गड्डी बिक रही है। इसी तरह कच्चा आम पिछले साल इन दिनों में 50 से 60 रुपए किलो था जो इस साल सौ रुपए किलो बिक रहा है।

कच्चे आम की आवक कम होने के कारण महंगे बिकने की बात कही जा रही है। धनिया भी अब सब्जियों के साथ में नहीं मिलता है, अलग से दस रुपए का खरीदना पड़ता है। महंगी सब्जियां मंडी से लेकर मोहल्लों के बाजारों में भी कम बिक रही हैं। जिससे दुकानदारों को भी नुकसान हो रहा है।

## डूंगरपुर के एक मामले में इंस्पेक्टर से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शुक्रवार को इंस्पेक्टर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी।

डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर वर्ष 2019 में घरों में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट का आरोप लगाते हुए कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। आरोपियों में तत्कालीन सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली, परवेज आलम भी शामिल थे। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले में सपा नेता आजम खां को भी आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनाया गया है। यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। शुक्रवार को इस मामले में विवेचक निरीक्षक रामवीर सिंह से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# कुत्तों में फिर शुरू हुआ कैनाइन डिस्टेंपर

बरेली कार्यालय

- संक्रमित कुत्ते लाए जा रहे आईवीआरआई

**अमृत विचार:** गर्मी में कैनाइन डिस्टेंपर के मामले बढ़ने लगे हैं। इस बीमारी के चलते कुत्ते संक्रमण का शिकार हो रहे हैं। पशु पालक भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की रेफरल वेटेनरी पॉलीक्लिनिक में हर रोज पांच से आठ बीमार कुत्तों को लेकर आ रहे हैं। मार्च से अब तक 450 से अधिक कुत्तों की जांच कर उपचार किया जा चुका है।

वैज्ञानिकों के अनुसार 90 फीसदी मामलों में संक्रमित कुत्ते को बचना मुश्किल होता है। जबकि बचने वाले 10 प्रतिशत कुत्तों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी उपचार के बाद काफी कम हो जाती है। आरवीसी के प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डा. अमरपाल ने बताया कि कैनाइन डिस्टेंपर एक संक्रामक बीमारी है, जिसके कारण तेजी से यह एक से दूसरे कुत्तों में फैलती है। बीमारी से बचाव के लिए संस्थान की ओर से टीका विकसित किया गया है, लेकिन अभी यह बाजार में नहीं आया है। इस कारण यह अधिक गंभीर बीमारी मानी जा रही है।

### कैनाइन डिस्टेंपर से बचाव के लिए चिड़ियाघर में अलर्ट

आमतौर पर कुत्तों में होने वाली कैनाइन डिस्टेंपर बीमारी से पिछले साल पांच शेरों की मौत हुई थी। इस बार सतर्कता बरतते हुए आईवीआरआई के वैज्ञानिकों की ओर से सभी चिड़ियाघर और प्राणी वन्य उद्यान केंद्रों में अलर्ट जारी किया गया है। चिड़ियाघरों और प्राणी वन्य उद्यानों के आसपास के गांवों के आवारा, पालतू कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है।




## ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे ने शुरू किया प्रचार

**शिवपुरी।** गुना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी चुनावी समर में उतर गए हैं। पिता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रचार कर रहे हैं। युवाओं के बीच संवाद के साथ ही घर- घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं और पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। वे जनसंपर्क के दौरान अपने दादा माधव राव सिंधिया और दादी राजमाता विजय राजे सिंधिया का नाम लेना नहीं भूलते। खास बात यह है कि महाआर्यमन सिंधिया हर किसी को पीएम मोदी की गारंटी को अच्छी तरीके से समझा रहे हैं और वे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के बारे में भी बताने से नहीं चूकते। पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग वे पूरी तरह युवाओं के साथ प्रचार में रात दिन लगे हुए हैं। कॉलेजों के बाहर छात्र- छात्राओं से मिल रहे हैं और मोदी सरकार की उपलब्धियां बता कर पिता के लिए वोट मांग रहे हैं।



## भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर टिकी निगाहें

**पटना :** बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल के नेता सकते में हैं। काराकाट सीट से राजग नेता उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। भाजपा को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर पवन सिंह चुनाव लड़ते हैं तो इसका नुकसान उपेंद्र कुशवाहा को हो सकता है। भाजपा ने पहले पवन को पश्चिम बंगाल की आसानसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया था। हालांकि पवन ने वहां से लड़ने से इन्कार कर दिया और काराकाट से समर में उतरने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की जीत सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री नितिश कुमार वहां सभा करेंगे बल्कि राजग के अन्य बड़े चेहरे भी यहां प्रचार करेंगे। पवन सिंह को अंदरखाने मनाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के बिहार से जुड़े कई नेताओं ने बात की है और चुनाव न लड़ने का आग्रह किया है। यह बात भाजपा को भी पता है कि पवन के चुनाव लड़ने का सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को होगा।



## कंगना के सामने विक्रमादित्य हो सकते कांग्रेस का चेहरा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा नेता कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस से हिमाचल सरकार में विक्रमादित्य सिंह के मैदान में आने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं की निगाह कांग्रेस आलाकमान के निर्णय पर टिकी हुई है, क्योंकि अभी तक उनकी उम्मीदवारी का एलान अभी तक कांग्रेस ने नहीं किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह यदि मैदान में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होगा ऐसा माना जा रहा है।

### लब खामोश हैं, पर आंखों ने लगा रखा है

# मंजिल पर निशाना

**मुस्लिम वोट बैंक**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।

**अमृत विचारः** इस बार यह पहला मौका रहा जब देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और रमजान का महीना निकल गया, ईद भी हो गई। लेकिन शाही इमाम से लेकर मौलवियों तक की मुस्लिम वोट बैंक पर चुप्पी नहीं टूटी। इस खामोशी के पीछे सोची समझी रणनीति बताई जा रही है।

देश में लगभग 100 संसदीय क्षेत्र हैं, जिनमें मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में है। इनमें भी 65 सीटें ऐसी हैं, जिसमें मुस्लिम मत संख्या 35 फीसद से ज्यादा है। मुस्लिम बाहुल्य सर्वाधिक 14 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। पश्चिम बंगाल में 13, केरल में 8, असम में 7, जम्मू कश्मीर में 5, बिहार में 4 और मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र व तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में दो-दो सीटें मुस्लिम बाहुल्य गिनी जाती हैं। जनगणना के हिसाब से देश की कुल आबादी में 14.2 फीसद हिस्सा मुसलमानों का है। इसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक को लेकर जामा मस्जिद के शाही इमाम से लेकर आम मौलवी तक और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के नेता अभी पूरी तरह खामोश हैं।

**100**
लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में

**35%**
तक 65 सीटों पर तो मुस्लिम मतदाता



**मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा**

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा स्थिति में है, यदि इसको लेकर कोई भी फतवा, हिदायत आदि जारी की जाती है, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।

### मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी पसंद नहीं बन पायी भाजपा

- जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने या उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से लेकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद यह किसी से छिपा नहीं है कि आम मुसलमान भाजपा से नाराज हैं। कोई फतवा दिया जाए या न दिया जाए, यह वोट बैंक उसी दल में गिरेगा जिसका उम्मीदवार बीजेपी को पराजित करने की स्थिति में होगा। यदि चुनाव पूर्व शाही इमाम या मुस्लिम संगठनों द्वारा बीजेपी के खिलाफ फतवा जारी किया गया तो गैर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण होगा और बीजेपी को उसका लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसद मुसलमान है वहां की 42 में 13 सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ है। यह जानने के बावजूद यदि मुस्लिम वोटों के लिए उनके संगठनों द्वारा कोई दिशा निर्देश दिए गए तो गैर मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो सकता है। यही स्थिति उत्तर प्रदेश में है जहां पर करीब 20 फीसद मुसलमान है, इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों पर उनकी संख्या 40 फीसद से ज्यादा है।

### शाही इमाम ने नहीं जारी किया कोई फतवा

- गुरुवार को ईद के मौके पर नमाज के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में एकत्र हुए हजारों मुसलमान को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव को लेकर शाही इमाम कोई ऐलान, फतवा, हिदायत या राय देंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह जमीयत उलमा ए हिंद या ऑल इंडिया मजलिस ए मुशावरत जैसे कई संगठनों के पदाधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। जबकि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार दो डॉक्टरों की लड़ाई में बसपा ने ठाकुर बिरादरी का प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। वह ब्राह्मण हैं और खासतौर पर नोएडा में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनके मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पेशे से डॉक्टर महेंद्र नागर को उतारा है। डॉ. नागर गुर्जर समाज से हैं। बसपा ने ठाकुर बिरादरी के राजेंद्र सोलंकी पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर वोट ही सर्वाधिक माने जाते हैं। ईद के मौके पर तीनों प्रत्याशी परंपरागत जातीय आधार सहेजने के साथ मुस्लिम समाज को साधने में जोर लगाते नजर आए।

# दो डॉक्टरों की लड़ाई में क्या बसपा मार पाएगी मैदान

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा पर फिर एक बार भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा और कांग्रेस गठबंधन से उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर हैं, जबकि बसपा ने सिकंदराबाद के पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया है। यह सीट कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा के खाते में गई थी। सपा ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिया तो नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया, इसका कारण यह था कि डॉ. महेंद्र नागर दो साल पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। इस पर सपा ने प्रत्याशी बदलकर युवा नेता राहुल अवाना पर दांव लगाया, लेकिन उनका भी विरोध हो गया, ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर से डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बना दिया। पिछले चुनाव में सपा और बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को 4,93,890 वोट मिले थे, तब भाजपा के डॉ. महेश शर्मा ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है और बसपा अलग लड़ रही है। ऐसे में मुस्लिम और दलित मतदाताओं पर सभी की नजर है। पूरा जोर इन्हीं के वोट प्राप्त करने के गुणा-भाग पर लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को मिले फायदे और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाकर दोनों समुदायों के बीच जा रहे हैं। भाजपा संगठन के रणनीतिकार उनके लिए अलग से काम कर रहे हैं। इसके मुकाबले सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर मुस्लिम मतों को गठबंधन का परंपरागत वोट बैंक मानकर दलित और पिछड़े वर्ग को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस सबसे पहले गुर्जर बिरादरी में अपने नागर गोत्र के मतदाताओं को साधने में है, जबकि बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी दलित मतदाताओं में मजबूत पैठ मानकर मुस्लिम मतों को अपनी तरफ मोड़ने में लगे हैं, तो मुस्लिम मतों को बसपा की तरफ जाने से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस नेता पूरा जोर लगा रहे हैं।




डॉ महेश शर्मा। **भाजपा**



ठा. राजेन्द्र सिंह सोलंकी **बसपा**



डॉ. महेंद्र नागर **सपा-कांग्रेस गठबंधन**




- गौतम बुद्ध नगर में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन ने ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय डॉक्टर को उतारा मैदान में
- बसपा ने लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की बड़ी संख्या देखते हुए सिंकदराबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाकर मुकाबल बनाया रोचक और दिलचस्प

**प्रमुख मुद्दे**

- विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ किसानों की समस्या, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सोसायटी क्षेत्र में बिल्डरों की मनमानी और भूमि अधिग्रहण मुआवजा।

**2009 चुनाव परिणाम**

| दल | प्रतिशत |
|---|---|
| बसपा | 33.24% |
| भाजपा | 31.08% |
| सपा | 16.05 % |
| कांग्रेस | 15.73 % |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | सुरेंद्र सिंह नागर | 2,45,613 |
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा | 2,29,709 |
| सपा | नरेंद्र सिंह भाटी | 1,18,584 |
| कांग्रेस | रमेश चंद्र तोमर | 1,16,230 |

### सोसायटी निवासी बाहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आता

- नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 250 से अधिक सोसायटी हैं। इनमें अधिकतर बाहरी लोग रहते हैं। इनकी संख्या करीब पांच लाख तक हैं। इनके अपने मुद्दे हैं, जिनमें विकास सर्वोपरि हैं। लेकिन इन मतदाताओं पर जातीय समीकरण का कोई प्रभाव नहीं दिखता है। इन मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर ज्यादा नजर आता है। हालांकि कई सोसायटी में रजिस्ट्री का मुद्दा गर्म है। लोगों का कहना है कि पूरा पैसा जमा करने के बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर नेताओं के प्रति गुस्सा जताने के लिए रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, के बैनर भी टांगे गए हैं।

**2024**
में डॉ .महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को कर रहे मेहनत

**2019**
में दूसरे नंबर पर थे बसपा के उम्मीदवार

**2019 लोकसभा जनादेश**

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 59.80% | 35.70 % | 03.40 % |
| 828164 मत | 493421 मत | 41960 मत |
| डॉ. महेश शर्मा | सतवीर | डॉ. अरविंद सिंह |

### 26 लाख से ज्यादा मतदाताओं में लगभग आधी संख्या ठाकुर, ब्राह्मण व गुर्जर की

इस सीट का गठन 2009 में किया गया था। सामान्य घोषित इस सीट में परिसीमन के बाद खुर्जा विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। गौतम बुद्ध नगर में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। इस लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता अगले सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें 14 लाख से अधिक पुरुष और 12 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा यानी गौतम बुद्ध नगर विधानसभा क्षेत्र में है। यहां 7,82,872 मतदाता हैं। दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा में 3,93,880 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .30 लाख है। ब्राह्मण और गुर्जर मतदाता करीब 4-4 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 3 .6 लाख तक हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या 3 .80 लाख है।

### विकास के साथ जातीय समीकरणों का घालमेल प्रचार को बना रहा दिलचस्प

लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, लाजिस्टिक हब, पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातन संस्थान एवं संस्कृति संग्रहालय, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिक्रेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आईटी और बीपीओ कंपनियां, मास्टर प्लान-2041 और दो लाख करोड़ का औद्योगिक पूंजी निवेश जहां विकास की नई इबारत और इमारत जैसा नजर आता है, वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर के मुकाबले सिकंदराबाद और खुर्जा में उतना विकास नहीं नजर आता है। ऐसे में भाजपा को घेरने के लिए गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की ओर से विकास के मुद्दे पर नए सिरे से रणनीति बनाई जा रही है। इसी तरह चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जातीय समीकरणों का असर साफ नजर आता है। खास तौर पर सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय बहुलता के हिसाब से रणनीति बनाकर प्रचार कर रहे हैं। बड़े नेताओं की जनसभाएं भी जातीय समीकरणों के हिसाब से कराने की तैयारी की जा रही है।

### प्रचार में पीछे दिख रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी, अभी कोई बड़ा नेता तक नहीं आया

भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर गए हैं। 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ शर्मा के लिए बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नोएडा आकर जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। दूसरी तरफ सपा, कांग्रेस और आम आदमी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं आया है। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी पार्टी सुप्रीमो मायावती की सभा कराना चाहते हैं पर कार्यक्रम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में भाजपा के सामने सभी दल नंबर दो पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां ज्यादातर लोग अन्य जिलों और राज्यों से आकर बसे हैं। गौतमबुद्ध नगर में वीआईपी मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जिनमें पूर्व गवर्नर, सांसद, विधायक, सिविल सर्वेंट शामिल हैं।




**जीत के लिए जोश**
राजस्थान के बाड़मेर में पीएम मोदी की रैली के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ता जोश में नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद से जुड़े पोस्टर लहराए।

**तैयारी पुख्ता** | पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम विधानसभा का चुनाव भी उसी दिन

# 19 अप्रैल को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग तैयार

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** पहले चरण के अंतर्गत लोकसभा की 102 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान पूर्व समीक्षा बैठक की और 367 पर्यवेक्षकों एवं 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को दिशा निर्देश दिए। आयोग ने जम्मू कश्मीर के प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का भी निर्देश दिया है।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की जिसमें निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। उक्त सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसी दिन अरुणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधानसभा का भी मतदान होगा।




- जम्मू कश्मीर के प्रवासियों की मतदान प्रक्रिया सरल

**केंद्रीय पर्यवेक्षकों का विवरण**

**1272** सामान्य पर्यवेक्षक
**67** पुलिस पर्यवेक्षक
**167** व्यय पर्यवेक्षक

बैठक में तय किया गया है कि मतदान के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से किसी भी तरह के धनबल या प्रलोभन के बरताव पर विशेष नजर रखी जाएं। कानून व्यवस्था के लिए समीक्षा की गई और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए कहा गया है। निष्पक्ष और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आयोग ने पर्यवेक्षको को तीन स्तर पर विभाजित किया है। कानून व्यवस्था और संवेदनशील मतदान केंटो की पहचान करने के लिए पुलिस केंद्र द्वारा तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि अतिरिक्त पुलिस बल की मांग राज्य के पुलिस महानिदेशक को चेक करें और यदि राज्य पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं है तो आयोग को तत्काल सूचित करें ताकि केंद्रीय पुलिस बल को भेजा जा सके।

मतदान के दौरान किसी भी तरह के धन बल, शराब वितरण या प्रलोभन पर निगरानी रखने के लिए 167 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को मत पर्चियां उनके घरों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी गई है या नहीं यह भी सामान्य पर्यवेक्षक नहीं करेंगे और इसकी सूचना राज्य एवं दिल्ली में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम को देंगे। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए सभी मतदान केदो पर टेंट एवं शीतल पेयजल का इंतजाम किया जाएगा और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा दी जाएगी।

जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 9 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट पर आयोग की बैठक में विचार विमर्श किया गया और देशभर में रहने वाले प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। ऐसे नागरिकों को फार्म एम के साथ मांगी जाने वाली तमाम जानकारी को सरल बना दिया गया है। अब उन्हें अपने फॉर्म को किसी भी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन नहीं करना पड़ेगा। बल्कि स्व सत्यापन के तहत उन्हें मतदाता माना जाएगा और उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी। जम्मू कश्मीर में इस तरह के मतदाताओं की संख्या करीब सवा लाख है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च ।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शांतिपूर्ण संबंध महत्वपूर्ण

देश में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और चीन-भारत सीमा विवाद को लेकर विपक्ष सरकार के फैसलों को लेकर आक्रामक है। ऐसे समय में चीन को लेकर दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान काफी महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। इस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया विस्तार से आई है। शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में सकारात्मक प्रगति हुई है। खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि चीन के साथ भारत की सीमा पर शांति सामान्य संबंधों के लिए आवश्यक है और भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के कारण भारत और चीन के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल रवैया दिखाया था। पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार संबंधों को छोड़कर भारत और चीन के बीच संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने की जरूरत बताई है, जो कि उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं। स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। चीन यदि भारत की इस पहल को स्वीकार कर ले और दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो दोनों देशों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# संक्रामक रोगों की पूर्व सूचना और प्रबंधन का भारतीय तंत्र



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है, जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है।

भारत में विषाणु और जीवाणु जनित टायफायड, निमोनिया, हेपेटाइटिस और रोगवाहक कीटों द्वारा फैलाए जाने वाले डेंगू, चिकगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसे संक्रामक रोग का प्रकोप किस हिस्से में और कितने भू-भाग में कब फैल सकता है, इसे जानने के लिए इंटीग्रेटेड डिजीज स्वाय्लेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) नाम से एक निगरानी तंत्र सन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड बैंक की मदद से स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम सक्रिय और प्रभावशाली रहा है, खासतौर से कोविड-19 के दौरान। निगरानी को सशक्त रखने के लिए पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क इसके लिए काम करता है। इस नेटवर्क में मौजूद स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अंतर्गत पीएचसी/सीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल स्कूल्स, शोध संस्थानों से जुड़े हुए इंडोर अस्पताल, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट्स ऑफ़ मेडिकल साइंसेज और 'कैशलेस' इलाज देने वाले अस्पताल शामिल हैं।

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है। यहां इसकी स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की जाती है जिससे संक्रामक रोगों के प्रकोप और प्रसार क्षेत्र का अध्ययन करते समय इसकी 'प्रिडिक्टिव वैल्यू' भी देखी जा सके। देश के सभी जिलों के पिछले 15 साल के डेटा के इस्तेमाल से यह मालूम होता है कि कब, कहां, कितनी तीव्रता का कौन से संक्रामक रोग का प्रकोप हुआ और कितने जन इससे प्रभावित हुए। इसकी मैपिंग और ग्राफ़िक्स अनेक विधियों से तैयार करके नीति निर्धारकों को उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त फार्मों में मृत्यु का डेटा नहीं भरा जाता क्योंकि यह किसी और प्रोग्राम के अंतर्गत संकलित किया जाता है। संक्रमण और इसके रोगकारकों की सूची में निगरानी के लिए शामिल की गयी 34 बीमारियों की परिभाषा दर्ज है। फिर भी संक्रामकों में कायात्मक और संरचनात्मक रूप से अनदेखे या अनजाने परिवर्तन, जैसे कि विषाणु एवं जीवाणु की आनुवांशिक संरचना के किस एक अंश या रोगवाहक के स्वभाव में परिवर्तन होना, होते हैं जिनकी वजह से संक्रामकता और प्रकोप में फर्क पड़ता है। शोध-संधान से जब यह मालूम होता है तब डिजीज स्वायलेंस प्रोग्राम में इसे शामिल करके 'इंटेलिजेंस अपडेट' लिया जाता है। वर्ल्ड बैंक के साथ समझौते की अवधि सातवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात सन 2017 तक थी। इसके बाद यह भारत के स्वास्थ्य तंत्र का स्थायी हिस्सा है जो कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के भीतर ही काम करता है।

> भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कंट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है।

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है। लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कण्ट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है। संक्रामक रोगों में एक वायरल हैं जो विषाणुओं से फैलते हैं और दूसरा, बैक्टीरियल हैं जिन्हें जीवाणुओं द्वारा फैलाया जाता है। इन दोनों में भी संक्रमण के कारकों, प्रसार की गति, संक्रमण की अवधि और इलाज की पद्धतियां अलग हैं। एंटी-वायरल या एंटीबायोटिक्स से तभी इलाज किया जाता है जब जीवन बचाने के लिए और इन्फेक्शन को क्लियर करने के लिए ऐसा करना जरूरी समझा जाए। ऐसा करने के क्लिनिकल प्रोटोकॉल बिलकुल स्पष्ट हैं। कुछेक के लिए संक्रमण की प्राथमिक स्थिति के लिए औषधि देने की सिफारिश नहीं है जैसे कि हैज़ा और कोविड-सार्स-2 या कोविड-19 जैसे प्राणलेवा संक्रमण के लिए भी। कॉलरा या हैजा और डायरियल डिजीजेज़ (अतिसार/पेचिश) की ईटियलजि भी अलग है और कारक या एजेंट भी। इस तरफ मेरा ध्यान इसलिए गया कि दक्षिण भारत में इस समय वातावरण में तापमान 39-44 डिग्री सेल्सियस है अर्थात गर्मी का प्रभाव खूब है और बरसात होने के आसार अभी नहीं हैं। एनडीएमए और भारत मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि दक्षिण भारत में औसत से अधिक गर्मी का अचानक प्रकोप होने से सभी लोग अपने साथ ऑरल री-हाइड्रेशन सलूशन (ओआरएस) का पैकेट रखें ताकि निर्जलीकरण अथवा हैज़ा आदि के संक्रमण से बचा जा सके। हैज़ा से किसी व्यक्ति के प्रभावित होने के चांस गर्मी की ऋतु में, मई और जून के महीनों में ही अकसर होते हैं, जैसाकि आईडीएसपी द्वारा तैयार डिजीज मैप्स से मालूम पड़ता है। अकसर ही असावधानीवश प्यासा होने पर संक्रमित पानी पी लिया जाता है। इसमें हैज़ा का जीवाणु -विब्रियो कॉलरी अगर मौजूद है तो 6 से 48 घंटा के भीतर इससे शरीर में क्लिनिकल लक्षण दिखाने शुरू हो जाएंगे।

व्यक्ति, गंभीर रूप अस्वस्थ होकर उल्टी-दस्त करेगा और शरीर की तेज़ी से निर्जलीकरण होगा। संक्रमण जीवाणु के किस विभेद (स्ट्रेन) से हुआ यह मालूम करना बाद का काम है क्योंकि गंभीर रूप से बीमार होने की स्थिति में एंटीबायोटिक्स देने का विचार भी किया जाता है। पानी की अत्यधिक कमी होने और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को डांवाडोल स्थिति से निकालने के लिए ओआरएस का घोल पीना पड़ता है। निर्जलीकरण दूर करने लिए ओआरएस जीवन रक्षक समाधान है, खासकर बीमारी या अत्यधिक गर्मी के मौसम में। उचित मार्गदर्शन और उपयोग के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से हमेशा परामर्श करें। मार्किट में ओआरएस की 71 ब्रांड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता भ्रमित न हों, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए सैशे पर प्रिंट की गई जरूरी सूचना को पढ़ लेना चाहिए।

डिजीज आउटब्रेक फोरकास्काटिंग का चुनावगर्मी, मनुष्यों की गहमा-गहमी और ऋतुजनित गर्मी से घनिष्ठ सह-संबंध बनता है। ऐसे में सरकारी तंत्र संक्रामक रोगों के पैदा होने की संभावना के बारे में समयानुसार चेतावनी देने और सक्रिय होने का पर्याप्त अवसर देता है। शायद यह मौक़ा है जब आम चुनाव के मौके पर गर्म ऋतु में चेतावनी जारी की गई है। डिजीज आउटब्रेक के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा करेंगे तो 'पैनिक' फ़ैल सकता है। इंतजार रहता है उस प्रथम सूचना रिपोर्ट का जो त्वरित गति से मीडिया माध्यमों में पहले प्रकट होती है।

भारत के डिजीज स्वायलेंस सिस्टम के अंतर्गत इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एपिडेमियोलॉजी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलरा एंड एंटैरिक डिजीजेज़, नेशनल सेंटर फॉर वेक्टरबोर्न डिजीजेज़ कण्ट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, और आईसीएमआर के गोरखपुर और भुवनेश्वर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर्स आदि सहयोगी संस्थान हैं जिनके वैज्ञानिक देश में संक्रामक बीमारियों -पुरानी, नईं और उभरती हुईं, पर निगाह रखते हैं। इसके लिए ज्योग्राफिकल निगरानी तंत्र भी काम करता है जो उपग्रह प्रणाली से जुड़ा रहता है।

मौसम की शार्ट और लॉंग-टर्म भविष्यवाणी करने के लिए जिस तरह ख़ास पैरामीटर्स का अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार से डिजीज सर्वायलैंस सिस्टम अपने लिए अलग पैरामीटर्स इस्तेमाल करता है। ऐतिहासिक डेटा की 'माइनिंग' और ताज़ा आंकड़ों के दृष्टिगत किये गए विश्लेषण से प्राप्त हुए संकेतों के आधार पर डिजीज फोरकास्टिंग की जा सकती है। मकसद, जनता को भयभीत करना नहीं होता बल्कि खुद तैयारी किए जाने के अलावा चौकस रहकर देश में रहने वालों की सेहत और जान के प्रति संवेदनशील रहना है। प्रशंसनीय है कि इस बार गर्मी के मौसम में निर्धारित किए गए चुनावों के लिए प्रचार और जनसभाओं के दौरान निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रबंध करने और इसे सभी को अपने पास रखे जाने की सिफारिश सरकार की ओर से हुई है। उपरोक्त परिदृश्य के संबंध में नीति आयोग द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित किया गया दस्तावेज़ 'विज़न 2035: पब्लिक हेल्थ स्वाय्लेंस इन इंडिया' देखने लायक है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जानकारी आईडीएसपी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे देखकर यह संतोष होता है कि स्वास्थ्य के पहरुए मोर्चे पर तैनात हैं और जागरूक भी।

## प्रसंगवश

# विविधताओं से भरा देश

जैसे हमारा अपना धर्म होता है, उसी तरह देश का भी धर्म होता है। जैसे हमें खुद को समझना चाहिए, अपना गहराई से निरीक्षण करना चाहिए, खुद से मिलना चाहिए, वैसे ही हमें अपने देश को समझना चाहिए, उसके धर्म को समझना चाहिए। जरूरत पर उसकी खोज करनी चाहिए। हमारी श्रेष्ठता की सोच (जाति/धर्म/ लिंग की श्रेष्ठता) ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।



**शैलेन्द्र प्रताप सिंह**
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारा देश विविधताओं से भरा है, जाति की, धर्म की, भाषा की, बोली की। हर विविधता को फलने-फूलना का पूरा मौका ही देश को सशक्त बनाता है। सामाजिक समरसता हमारे जैसे देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विदेशी निवेश कम हो रहा है? इसके पीछे कहीं सामाजिक समरसता का अभाव तो नहीं है, यह शोध किया और समझा जाना चाहिए। इसी विविधता में पले बढ़े होने के कारण तो गालिब ने कहा- हम को मालूम है जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है मुंशी नबी बख़्श हकीर के नाम गालिब ने लिखा था-'रोजा रखता हूं मगर रोजे को बहलाए रहता हूं। कभी पानी पी लिया, कभी हुक्का पी लिया, कभी कोई टुकड़ा रोटी का खा लिया। यहां के लोग अजब फहम और तुरफा रविश (अमीरों की चाल-ढाल) रखते हैं। मैं तो रोजे को बहलाए रहता हूं और ये साहब फरमाते हैं कि तू रोजा नहीं रखता। ये नहीं समझते कि रोजा न रखना और चीज है और रोजा बहलाना और बात है।'

गालिब मानवतावादी थे। उन्होंने लिखा है -'मुझमे मुसलमान के कोई लक्षण नहीं हैं। फिर भी पता नहीं क्यों जब भी मैं दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के अपमान, अपयश की बात सुनता हूं तो मेरे दिल पर अफसोस और मलाल छा जाता है'। हाली का कहना था कि उनका मिजाज इतना 'शोख' (शरारती) था कि कोई 'गर्म' ख़याल आने पर वे उसे बेसाख्ता बोल पड़ते थे, बिना परवाह किए कि ऐसा कहने पर लोग उन्हें काफिर या रिंद या धर्मभ्रष्ट समझ बैठेंगे।

# बस्ते के बोझ से बेहाल बचपन

विद्यालयों में नया सत्र के आरंभ होने के साथ ही बच्चों की नियमित कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। सवेरे-सवेरे स्कूल जाते बच्चों को भागते-दौड़ते हुए नाजुक कंधों पर वजनदार बस्तों का बोझ ढोते आसानी से देख सकते हैं और अगर उनकी तुलना आप अपने बचपन से करेंगे तो पाएंगे कि पूंजीवाद आधारित विद्यालयों की व्यवस्था में पढ़ाई के बोझ तले बच्चा कुम्हलाता जा रहा है।

आम जनता की तिरछी निगाहें एक और सरकारी स्कूलों की ओर प्रश्नवाचक दृष्टि की होती है तो प्राइवेट स्कूलों में अभिभावक अपनी आय का एक बड़ा प्रतिशत स्कूलों की फीस से लेकर बच्चों की प्राइवेट कोचिंग तक में खर्च कर इनकी मनमानी झेलने को त्रस्त हैं। जहां सरकारी विद्यालयों में बस्ते के बोझ को हल्का करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है, वहीं प्राइवेट स्कूलों द्वारा आय में वृद्धि करने हेतु अपने प्रकाशकों द्वारा छापी जाने वाली एक ही विषय की तीन-तीन पुस्तकें और अनियोजित टाइम टेबल के कारण बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों के मानकों का दो गुना वजन वहन करने को बाध्य किया जाता है।



**बीना नयाल**
नई दिल्ली

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मेरा स्वयं का बच्चा आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसके बस्ते का वजन उसके औसत वजन के अनुसार चार किलो से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि पाठ्य पुस्तकों, लंच बॉक्स और पानी की बोतल के साथ यह वजन कई बार 10 किलो का हो जाता है, जो मुझे ही बस स्टॉप तक पहुंचाने में बेहाल कर देता है। ऐसे में बच्चा पहली या दूसरी मंजिल चढ़कर जब अपनी कक्षा में पहुंचता है तो उसकी मांसपेशियों कितना आवश्यक दबाव डाल रहा है, उसे स्वयं भी नहीं पता। उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का स्कूल आकलन भी नहीं कर सकता। अपने साथियों से जब मैंने इस विषय पर बात की जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं तो उन्होंने मुझसे कहा यह आप ही के बच्चों के स्कूल की बात नहीं है, अमूमन यह हर स्कूल की समस्या है।

परीक्षा का परिणाम प्रतिशत बढ़ाने की इतनी होड़ है कि बच्चों को मशीन मान लिया गया है जिससे बच्चों का व्यवहारगत अधिगम और सर्वांगीण विकास कहीं खो गया है। होटल, रेस्टोरेंट और ऑनलाइन माध्यम से प्लास्टिक के डब्बे में खुलेआम खाने की पैकेजिंग चल रही है, जो कि पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को स्टील के लंच बॉक्स और बोतल लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उचित भी है, लेकिन बाजारवाद के इस दौर में इन स्टील के लंच बॉक्स और बोतलों के ऊपर प्लास्टिक की लुभावनी पैकेजिंग से कई बार बस्ते का वजन मानक वजन से दोगुना तक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्कूल में लाकर उपलब्ध कराया जाए और उनके बस्ते का वजन नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांचा जाए। साथ ही अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि बस्ते का बोझ अधिक होने पर इस संदर्भ में स्कूल प्रशासन से विचार विमर्श करें, लेकिन अधिकतर अभिभावकों को तो छोड़िए, अध्यापक भी दिशा-निर्देशों से अवगत नहीं होते हैं और स्कूल प्रशासन खुले आम नियमों की अनदेखी करता है।

शायद हम भूल जाते हैं कि बच्चों पर बस्ते के बोझ से स्वास्थ्य पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, वह भविष्य में उस ऊर्जा से वंचित रह जाता है, जो उसे कैरियर निर्माण के अति महत्वपूर्ण समय पर आवश्यक होती है। स्कूली शिक्षा पर गठित विभिन्न कालों में अलग-अलग समितियों ने शिक्षा को बिना बोझ और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने के लिए बस्ते का बोझ कम करने के लिए हमेशा से ही संस्तुतियां की हैं। इसमें से 1993 की यशपाल समिति और 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अतः स्कूलों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए न केवल स्कूल प्रशासन को वरन अध्यापकों को भी इस दिशा में सजग रहना होगा और स्कूल प्रशासन से नियमित रूप से विचार विमर्श करना होगा जिससे शिक्षा बच्चों की सहज प्रवृत्ति के अनुसार अनुरूप सीखने का माध्यम बन सके न कि बोझ बनकर रह जाए।

## सोशल फोरम

# हंसो मत, हिन्दी है

स्टेशन पर गाड़ी के इंतजार में खड़े-खड़े एनाउंसमेंट सुन पड़ता है। गाड़ी क्रमांक...प्लेटफॉर्म क्रमांक पर लगाई जा रही है। हैरानी हुई कि अच्छा भला प्रचलित शब्द है गाड़ी संख्या, प्लेटफॉर्म संख्या, लेकिन 'हिंदीकरण' की झक में बेचारा 'संख्या' बलि चढ़ गया और उसकी जगह आ बैठा क्रमांक।

अगर प्लेटफॉर्म चल सकता है तो नंबर क्यों नहीं चल सकता? बोलचाल की भाषा से परहेज को ही शुद्ध भाषा का उदाहरण मानने वाले इसी तरह तत्समीकरण करते हैं। हिंदी तो इतनी जबरदस्त है कि शायद सबसे ज्यादा विभिन्नताओं को जज्ब कर लेती है। जब मैं अध्यापक हो गया था तब बहुत से बिहारी लड़के संपर्क में आए। मगही क्षेत्र के लड़के अक्सर एक दिलचस्प प्रयोग करते थे: अमुक जी डेथ कर गए। फलां जी ने पैदा लिया, लेकिन इस पर कभी हंसी नहीं आई।



**अजय तिवारी**
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

हालांकि ये प्रयोग विचित्र थे। हिंदी के स्थानीय रंगत लिए हुए जितने रूप प्रचलन में हैं, वह अपने में शोध का विषय है, जहां तक मुझे मालूम है, इस पर भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कोई काम नहीं हुआ है। जबकि होना चाहिए ताकि यह दर्ज हो सके कि कलकतिया हिंदी, बंबइया हिंदी, छत्तीसगढ़ी रंगत वाली हिंदी, भोजपुरी असर वाली हिंदी वगैरह कितने रंग हैं इस भाषा के।

यह भाषा की समृद्धि का परिचायक भी है और बोलने वालों को संस्कारित करने का माध्यम भी। क्षेत्रीय रंगों से हिंदी के जो रूप निकलते हैं, उन्हें सुनकर कभी हंसी नहीं आती, लेकिन यह जो 'संख्या' को हटाकर 'क्रमांक' को प्रतिष्ठित करने वाली सरकारी हिंदी है, उसे सुनकर जितनी हंसी आती है, उससे ज्यादा क्रोध आता है। यह बात फिर-फिर याद दिलाने की है कि जनता अपने टकसाल में जिंदा भाषा गढ़ती है, कृत्रिम भाषा नहीं। अंग्रेजी के 'रेल' में हिंदी की 'गाड़ी' जोड़कर रेलगाड़ी शब्द जनता ने बनाया है, सरकारी विद्वानों या अफसरों ने नहीं।

जनता की भाषा निर्माण शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण है 'गिरमिटिया'। एंडेन्चर्ड लेबर के लिए 'अग्रीमेंट' का अपभ्रंश है 'गिरमिटिया', लेकिन जो नई व्यंजना शक्ति गिरमिटिया में आ गई है, वह उसके किसी अंग्रेजी प्रतिरूप या हिंदी अनुवाद में नहीं हो सकती।

-फेसबुक वॉल से

# आजादी की कीमत याद दिलाता है जलियांवाला बाग

भीड़ के स्वर अचानक थम जाते हैं। उस तारीख की यादें लोगों को आज भी विचलित करती लगती हैं। कतार में दाखिल लोगों की गति अनायास ही मंद पड़ती है और मन बोझिल होता जाता है।

वह भी बैसाखी का ही दिन था। बीच में एक सदी से ज्यादा का फासला तो क्या? घाव के गहरे निशान अभी मौजूद हैं। पुरखों को मिली यातना और दर्द की टीसें आज की पीढ़ियों को बेचैन करती हैं। 13 अप्रैल 1919, जलियांवाला बाग के नरसंहार की मनहूस और दिल दहलाने वाली तारीख। वह गुलामी का दौर था। अंग्रेजों की मनमानी और जुल्म ज्यादती का अंधियारा बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन उस अंधेरे का सीना चीरने के लिए आजादी के मतवाले जूझ रहे थे। नतीजों और अपने प्राणों की परवाह उन्हें नहीं थी। उजाले की उन्हें तलाश थी।

अपने राज का सूरज न डूबने के गुरुर में अंग्रेज दमन की किसी हद तक जाने की तैयारी में थे। बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाए रखने का अधिकार रॉलेट ऐक्ट के जरिए उन्होंने हासिल कर लिया था। इस काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जलियांवाला बाग में नाराज, लेकिन अनुशासित और शांत भीड़ जुटी थी। हंसराज इस भीड़ को संबोधित कर रहे थे। तब तक जनरल डायर की अगुआई में बाग के इकलौते प्रवेश-निकास द्वार को सैनिकों ने घेर लिया। फिर गोलियों की निर्मम बरसात हुई थी। न गोलियों की गिनती थी और न मरने वालों की। जान बचाने की नाकाम कोशिश में तमाम लोग मैदान के एक किनारे स्थित कुएं में कूद गए थे। बहुतों की देह दीवार फांदने की कोशिश में छलनी होकर तड़पते हुए निस्तेज हो गई। उस दिन अनाथालय की ओर से लोगों को पानी पिलाने की ड्यूटी पर लगे अमर शहीद ऊधम सिंह ने निर्दोष देशवासियों के लहू से तर मिट्टी को लेकर प्रतिशोध की कसम खाई थी। अगले इक्कीस साल जागते-सोते और अंग्रेजों से जूझते वे इस कसम को कभी नहीं भूले। उसे पूरा करके ही वे फांसी के फंदे पर झूले और इसी मैदान की मिट्टी सिर्फ 12 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह ने संजो के घर के पूजा स्थल पर रखी थी।



**राज खन्ना**
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी**

बेशक जुल्मी सत्ता जलियांवाला बाग में निर्दोषों पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस नरसंहार ने देशवासियों और खासतौर पर नौजवानों में अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प भर दिया था। बचपन से ही जलियांवाला बाग कांड के विषय में पढ़ा, जाना और सुना। देश के लिए मर मिटने वालों के विषय में लिखते हुए भी बार-बार जलियांवाला बाग प्रसंग ने बेचैन किया। पहली बार अमृतसर आने का अवसर मिला तो कुर्बान हो जाने वालों को अपने अंदाज में नमन किया। भोर में पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन और गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसके बाद जलियांवाला बाग में एक बार फिर प्रवेश किया। पंजाब सरकार ने आजादी के संघर्ष के इस महान स्मारक को करीने से संजोया-संवारा है। तीन पुरानी दीवारें संरक्षित हैं, जिन पर दर्जनों गोलियों के निशान अभी मौजूद हैं। वह चौड़ा-गहरा कुंआ भी जिसमें कूदकर जान बचाने की कोशिश में सैकड़ों की जानें गईं।

इस कांड की पृष्ठभूमि और पूरे घटनाक्रम को शब्दों, चित्रों और अखबारी कतरनों के जरिए बखूबी परिचित कराया गया है। उस समय जीवित बचे कुछ चश्मदीदों के विचलित करने वाले बयान भी प्रदर्शित हैं। उस अभागी रतन कुमारी का दिल दहलाने वाला बयान भी है, जो इस निर्मम कांड के बाद देर शाम अपने पति की तलाश में वहां पहुंची थी। चारों ओर लाशें बिखरी हुई थीं। किसी की छाती तो किसी की पीठ छलनी थी। उस खौफनाक सन्नाटे बीच रतन कुमारी को सिर्फ जानवरों की रोती आवाजें सुनाई पड़ी थीं। भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

# लड़की होने का अफसोस नहीं

कल बरामदे में कुछ बच्चियां दिखीं। इधर से उधर। उधर से इधर आते-जाते। हमने सोचा कोई परिवार आया होगा कुछ दिन के लिए रहने। शाम को पता चला कि ये बच्चियां शहडोल मंडल से यहां राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आई हैं। रहने का कहीं और इंतजाम न होने के चलते मेस में व्यवस्था की गई। बच्चियों से बात करने पर पता चला कि कुछ बच्चियां हॉकी की खिलाड़ी हैं। कबड्डी की प्रतियोगिता हुई तो कबड्डी खेलने आ गईं। अलग-अलग जगहों से आई हैं। खेली हैं। थकी हैं। कुछ चोट भी लगी है। घुटने, पैर में छिल गया है। दवा लगाई है। दर्द है, लेकिन चलता है। रहने का ठिकाना खाने के ठिकाने से दूर है। रात 9 बजे सब खाने के लिए पैदल जाती हैं। मैं कहता हूं, यहीं खा लो, लेकिन वे वहीं जाती हैं। बोलती हैं वहीं इंतजाम है।



**अनूप शुक्ल**
कानपुर

सुबह बताती हैं कि रात 11 बजे लौटी। पैदल। रात में किसी से लिफ्ट भी तो नहीं ले सकते। बच्चियां आपस में पटर-पटर बतियाती हैं। उनकी बातें एक-दूसरे पर गिरती-पड़ती सुनाई देती हैं। बस इतना पता चलता है कि खूब सारा बतिया रहीं हैं। आते-जाते हम भी कुछ-कुछ बतियाते हैं बच्चियों से। उनके स्कूल, घर, समाज के बारे में बातें होती हैं। स्कूल 'कोएड' है, लेकिन लड़कों से डर नहीं लगता। लड़के कम हैं। उनको 'चमका' देते हैं, जो लड़के अच्छे से बात, व्यवहार करते हैं वे ठीक लगते हैं। घर में लोग पढ़ने के लिए मना नहीं करते। घर से बाहर निकलना अच्छा लगता है। साइकिल, बाइक चला लेते हैं। लड़की होने का कोई अफसोस नहीं, जो काम लड़के कर सकते हैं वो सब लड़कियां कर सकती हैं, लेकिन जो काम लड़कियां कर सकती हैं वो सब लड़के नहीं कर सकते। लड़कियां ज्यादा समझदार होती हैं। खाना सब बना लेती हैं।

बच्चियां अलग-अलग पृष्ठभूमि से आई हैं। अधिकतर के पास साधारण मोबाइल है। कुछ के पास स्मार्ट फोन। बात करते हुए मोबाइल में झुकी बच्चियां। जबलपुर में किसी के रिश्तेदार हैं। वो पता पूछते हैं। बच्चियां मुझे फोन पकड़ाकर पता बताने को कहती हैं। उनके मौसा जी, चाचा जी मिलने आएंगे। सब एक-दूसरे को जल्दी तैयार होने की हिदायत देती हैं। सुबह की चाय पीते हुए दिखीं बच्चियां। मैंने पूछा-चाय पियोगी। बोलीं चाय-नाश्ता ग्राउंड पर ही करेंगे। फिर कुछ देर बाद-बोलीं अच्छा मंगा दीजिए। सबने 'चक दे इंडिया' कई बार देखी है और मैच भी देखती रहती हैं। बच्चियों को देखकर हमको एक बार फिर से मुकेश तिवारी की यह कविता याद आ जाती है: लड़कियां, अपने आप में एक मुकम्मल जहां होती हैं।

### बृजलाल को मिली सफलता, सुलखान सिंह और विजय कुमार अभी सफर में

# ...और अब राजनीति में उम्दा पारी खेलने को बढ़े कई पूर्व डीजीपी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** हर आईपीएस का सपना पुलिस मुखिया बनने का होता है, लेकिन पूरा किसी भाग्यशाली का ही होता है। इस पद और प्रतिष्ठा को पाने के बाद कुछ पुलिस मुखिया सन्नाटे में चले गए, लेकिन कुछ ने नई राहें बनानी शुरू कर दी।

शायद कुछ और करने की इच्छाशक्ति उनमें अभी बाकी थी। इसीलिए कई पूर्व पुलिस महानिदेशकों ने राजनीति में भी भाग्य आजमाना शुरू कर दिया। नए राहों में कई सफल हो गए तो कई अभी संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह है कि किसको सफलता मिलती है, किसको निराशा। विगत छह वर्षों में डीजीपी पद पर तैनात रहे तीन पूर्व महानिदेशकों ने सक्रिय राजनीति शुरू की है। लेकिन कुछ पूर्व डीजीपी ऐसे हैं जो समय-समय पर टेलीविजन पर प्रवक्ता के रूप में दिखते हैं।



1988 बैच के आइपीएस अफसर विजय कुमार इस वर्ष 31 जनवरी को ही डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह अधिक समय तक डीजीपी तो नहीं रहे, लेकिन उन भाग्यशाली अफसरों में एक थे, जिन्हें यह पद मिला। हाल ही में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामकर नई यात्रा आरंभ की है। कहते हैं कि भाजपा की सदस्यता मिलते ही उन्हें पार्टी पदाधिकारियों की ओर से जिम्मेदारी भी दे दी गई है। चुनाव के बाद संभव है कि उन्हें बड़ा पदभार भी दिया जाए।



31 सितंबर 2017 को सेवानिवृत्त हुए पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बाकी अफसरों से इतर अलग राह चुनी। उन्होंने किसी पार्टी में न जाकर स्वयं की राजनितिक पार्टी बना डाली। जिस मुद्दे को लेकर उन्होंने नई पारी शुरू की, वह भी देश-काल-परिस्थिति को देखते हुए समीचीन प्रतीत हो रहा है। बुंदेलखंड के हालात को देखते हुए उन्होंने अलग बुंदेलखंड राज्य के गठन को ही मुद्दा बनाया और उसी को लेकर आगे बढ़े। वह जिस अलग राज्य की मांग कर रहे हैं उससे सिर्फ उप्र. ही नहीं बल्कि मप्र. भी प्रभावित हो रहा है। मप्र. के सात जिले भी उसी एजेंडे में शामिल है। संभवत: 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी इसी मुद्दे को लेकर मैदान में उतरे। अब देखना यह है कि सुलखान सिंह नई पारी में कहां तक सफल होते हैं।



बृजलाल वर्तमान में उप्र से राज्यसभा के सांसद हैं। वह उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के शासनकाल में वह प्रदेश के डीजीपी बने। 2015 में दूसरी पारी शुरू करते हुए वे राजनीति में कूद गए। बसपा में उल्लेखनीय सफलता न मिलने पर वह भाजपा में शामिल हुए। वह दूसरी पारी में भी भाग्यशाली रहे। भाजपा ने उन्हें उच्च सदन पहुंचा दिया। आज वह भाजपा के मौलिक नेताओं की तरफ फ्रंटफुट पर बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं। राजनीतिक मंच पर विपक्षियों को लगातार घेरते हैं और मजबूती से भाजपा सरकार का पक्ष रखते हैं।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोगों की मौत

**मथुरा, एजेंसी :** वृन्दावन में ठाकुर बांकेबिहारी के मंदिर से गुरुवार को दर्शन कर कार से वापस दिल्ली लौट रहे चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दिल्ली के मोतीनगर निवासी विशाल त्यागी कार चला रहे थे।। कार में विशाल के दोस्त दीपक के पिता ज्ञानचंद अगली सीट पर बैठे थे। विशाल की पत्नी प्रीति (26), उसकी चार महीने की बच्ची दिविशा, विशाल का दोस्त दीपक (32) और दीपक की मां स्नेहलता कार की पिछली सीट पर बैठे थे। विशाल और ज्ञानचंद ने सीट बेल्ट पहन रखा था जिसकी वजह से सेफ्टी बैग खुल गया और वे दोनों बच गए।

## सार-संक्षेप

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक ने वकील और मुंशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती ने हाईकोर्ट के ही वकील और मुंशी के खिलाफ 11 अप्रैल को आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत थाना कैंट, प्रयागराज में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महानिबंधक ने वकील पर आरोप लगाया है कि 10 अप्रैल को प्राची श्रीवास्तव ने हर्ष श्रीवास्तव को कथित तौर पर अपना मुंशी बताकर परिसर में प्रवेश दिलाया और हर्ष ने अपनी आईडी से बांदा निवासी आलोक सिंह और फतेहपुर, बिंदकी निवासी प्रद्युमन सिंह को न्यायालय परिसर में प्रवेश कराया, जिन्हें हाईकोर्ट के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार मिश्रा व उनके सहयोगी सुरक्षाकर्मियों ने मल्टीटास्किंग स्टाफ के नियुक्ति पत्र, जिस पर हाईकोर्ट का मोनोग्राम (मुहर) लगा हुआ था तथा बिना भरे हुए शपथ पत्र प्रारूप बरामद किए, साथ ही हर्ष श्रीवास्तव के पास से हाईकोर्ट का एंट्री पास एवं अन्य एंट्री पास मिले, जिस पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) के हस्ताक्षर एवं मुहर लगे हुए थे। उपरोक्त बरामद सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किए जाने पर प्रथम दृष्टया सभी दस्तावेज कूटरचित और फर्जी पाए गए। अत: फर्जी एंट्री पासों को तैयार एवं उपयोग करने वाले संज्ञेय अपराध के लिए आरोपियों के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### पूर्व मंत्री राम आश्रय को मिली राहत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री डॉ. राम आसरे कुशवाहा के आवेदन को स्वीकार करते हुए उन्हें सशर्त जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि अवध वुड प्रोडक्ट्स और अवध फर्टिलाइजर्स आसाम रोड, मिहीपुरवा, बहराइच द्वारा सरकारी दिशा निर्देशों एवं नियमों का पालन नहीं किया गया था। कृषि भूमि को नुकसान पहुंचने के मामले में रालोद बहराइच के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा तथा याची ने क्रमश: तत्कालीन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र लिखा। जिससे व्यथित होकर उक्त कंपनी के मालिक राजेंद्र सिंह माहेश्वरी ने याची के खिलाफ लोकायुक्त से शिकायत किया। आरोप लगाया कि याची और उसके पीआरओ ने उससे दो लाख रुपए की मांग की थी। इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत थाना मोती नगर, बहराइच में दिनांक 5 जुलाई 2002 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पूर्व मंत्री राम आसरे बसपा व सपा में रह चुके हैं।

### ईद की बधाई देने इकबाल के घर पहुंचे रामलला के पुजारी

**अयोध्या, अमृग विचार :** अयोध्या से हमेशा ही हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश जाता रहा है। ईद पर भी यही हुआ। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने गुरुवार को बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी के घर पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद दी। उनके परिजनों ने माला पहनाकर सत्येंद्र दास का स्वगात किया। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मैं ईद की बधाई देने आया हूं। अयोध्या में हम सब मिलजुल कर पर्व और त्योहार मनाते हैं। इनकी पूरी सहभागिता हमारे पर्व और त्योहारों में रहती है। जिस तरह से अयोध्या में हम हिंदू-मुस्लिम मिलकर सभी त्योहार और पर्व को मानते हैं। इसी तरह से पूरे देश में हिंदू-मुसलमान को मिलजुल कर मनाना चाहिए। इकबाल अंसारी ने कहा अयोध्या धर्म की नगरी है।

### आगरा में व्यापारी की हत्या में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**आगरा,एजेंसी :** आगरा में एक व्यापारी के हत्याकांड में शामिल चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हाल ही में आगरा के हरीपर्वत थाना क्षेत्र के अंतर्गत विजयनगर कॉलोनी में कुछ बदमाशों ने एक व्यापारी के घर पर डकैती डाली थी और उस व्यापारी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था और चौथे आरोपी की तलाश में जुटी थी। हरीपर्वत थाने के निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि चौथे आरोपी मोहम्मद सालिम उर्फ साहिल को पकड़ा गया है। पुलिस डकैती की घटना में संलिप्त तीन अन्य आरोपियों राजू कुशवाहा, भोला उर्फ जलालउद्दीन और कासिम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# सरकार ने अचल संपत्ति खरीदने के लिए नई गॉइडलाइन जारी की

## भूमि की रजिस्ट्री, दान व लीज विलेख तैयार करने का खाका तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को भेजा गया शासनादेश



**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर रजिस्ट्री, दान लेने और लीज पर भूमि प्राप्त करने को लेकर नई गॉइडलाइन जारी की गई है। इसमें सरकार के पक्ष में भूमि खरीदे, दान और लीज के रूप में कैसे भूमि विलेख तैयार होगा, इसका पूरा प्रारूप तय किया गया है। अब इसी आधार पर राज्यपाल की ओर से तय अधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी अचल संपत्ति का दस्तावेज तैयार कराकर सरकार के पक्ष में रजिस्ट्री कराएंगे।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान परिदृश्य में राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा विलेखों के माध्यम से भूमि/अचल संपत्ति प्राप्त की जा रही है। शासकीय परियोजनाओं के लिए यथा संभव सहमति के आधार पर भूमि सीधे क्रय किया जा रहा है। साथ ही शासन की विभिन्न पहलों से प्रेरित हो कर जनसामान्य के बहुत से निजी पक्षकार भी शासकीय परियोजनाओं व सुविधाओं की स्थापना के लिए शासन के पक्ष में निःशुल्क दान कर रहे हैं। ऐसे में शासन के पक्ष में तैयार होने वाले विलेखों की संख्या बढ़ी है।

इसके मद्दनेजर मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के पक्ष में भूमि को प्राप्त करने के लिए सरलीकरण की व्यवस्था तमाम नियमों और पिछले शासनादेशों के परीक्षण एवं विधीक्षण करवाने के बाद विलेखों के लिए एक मानक प्रपत्र जारी करने की आश्वयकता बताते हुए पूर्व में 2001 व 2016 में जारी शासनादेशों में बदलाव करते हुए नई व्यवस्था जारी की है। इसके मुताबिक राज्यपाल के पक्ष में निष्पादित होने वाले समस्त हस्तांतरण, दान एवं पट्टा विलेख अब नए प्रारूप पर ही निष्पादित किए जाएंगे।

### राज्यपाल की ओर से रजिस्ट्री का मिला अधिकार

मुख्य सचिव ने जारी गॉइडलाइन में निर्देश दिया है कि मानक विलेख की सूचना स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन को भी दे दें, जिससे प्रदेश के निबंधन कार्यालय ऐसे मानक प्रारूप से भिज्ञ हो सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि प्रशासनिक विभाग के सचिव, प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव अथवा उनके द्वारा नियमानुसार प्राधिकृत अधिकारी क्रेता/दानग्रहिता के रूप में राज्यपाल की ओर स एवं पद के अधिकार से, विलेख पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रशासकीय विभाग द्वारा किसी एक अधिकारी को संबंधित विलेख उपनिबंधक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया जाएगा।

## दो युवतियों पर बाइक सवारों ने फेंका तेजाब, हालत गंभीर

**देवरिया, एजेंसी :** यहां दो युवतियों पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। युवतियां साइकिल से अस्पताल जा रही थीं तभी बाइक सवार युवकों ने उन पर तेजाब फेंक दिया। अचानक हुए हमले से युवतियां बुरी तरह से झुलस गईं। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। एक युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों युवतियां एक अस्पताल में कार्य करती हैं। गुरुवार को दोनों साइकिल से अस्पताल जा रही थीं। दोनों गौरीबाजार हाटा मार्ग पर पहुंची ही थी कि बाइक सवार युवक उनके पास आए और बोतल में रखा तेजाब फेंक दिया। युवतियों की चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़े। उन्होंने युवकों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन दोनों भाग गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एसपी संकल्प शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इस मामले में दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उधर जांच में पता चला है कि एक युवती का हाथ और दूसरी का चेहरा तेजाब से झुलसा है।

# भाजपा नेता निधीश राज ने खुद को मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

भाजपा नेता निधीश राज गर्ग ने शुक्रवार को स्वयं को लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी से सटाकर गोली मार ली। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत महावीर चौक मार्ग पर एम एल गर्ग नामक क्लिनिक पर निधीश राज गर्ग ने इस घटना को अंजाम दिया।



निधीश राज गर्ग के पिता एम एल गर्ग पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी रह चुके हैं और एम एल गर्ग के नाम से काफी समय से महावीर चौक पर क्लीनिक चला रहे हैं। निधीश राज गर्ग भी अपने पिता के कार्य में सहयोग करने के अलावा राजनितिक कार्यों मे भी जुड़े रहते थे। निधीश राज गर्ग लंबे समय तक समाजवादी पार्टी में भी रहे। कुछ समय पूर्व से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लगातार भाजपा प्रत्याशियों के कार्यक्रमों में भी शामिल हो रहे थे और हाल फिलहाल में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान के जनसंपर्क में भी कई बार देखे गए। शुक्रवार की सुबह लगभग 10:00 बजे के आस पास क्लिनिक पर बैठे निधीश राज गर्ग ने स्वयं को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। जै से ही आसपास के दुकानदारों को पता चला तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में भोपा रोड आनंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

सूचना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल उनका हाल जानने पहुंचे और नगर पालिका अध्यक्ष पति गौरव स्वरूप भी मौके पहुंचे। आनंद हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कई टीमों द्वारा घायल निधीश राज गर्ग के उपचार को किया गया। इलाज के दौरानउनकी मौत हो गई। इस मामले में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि डायल 100 के माध्यम से सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी देखा जा रहा है। तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सपा की काजल निषाद को भी सता रहा टिकट कटने का भय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अस्पताल में भर्ती हो जाने के बाद तेज हुई चर्चा

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के टिकट पर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं काजल निषाद को भी टिकट कटने का भय सता रहा है। दरअसल, काजल पिछले दिनों गोरखपुर में प्रचार करने के दौरान बेहोश हो गई थीं। उन्हें पहले वहीं के एक निजी अस्पताल में और बाद में लखनऊ लाकर मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। लेकिन, चर्चा यह भी है कि सपा में चल रहे टिकटों के बदलाव की शिकार वह भी हो सकती हैं।

ऐसे में शुक्रवार को काजल निषाद मेदांता अस्पताल से सीधे समाजवादी पार्टी मुख्यालय पहुंचीं। जहां उनकी सपा प्रमुख से मुलाकात तो नहीं हुई लेकिन यहां उन्होंने पार्टीजनों को भी अपने स्वस्थ होने पर और मजबूती से चुनाव लड़ने के प्रति आश्वस्त कराया। वहीं, पार्टी प्रवक्ता कपीश श्रीवास्तव ने बताया कि काजल निषाद बहुत जूझारू नेता हैं। डॉक्टरों के निर्देश पर वह चुनावी मैदान में उतर कर डट कर मुकाबला करेंगी।

### कई फेरबदल कर चुकी है सपा

सपा अब तक बदायूं, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, बिजनौर, मुरादाबाद समेत कई सीटों पर पूर्व घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। बदायूं लोकसभा सीट पर पहले सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया फिर उनका टिकट काटकर शिवपाल यादव को इस सीट की जिम्मेदारी सौंपी। एक बाद फिर बदायूं सीट पर प्रत्याशी बदलने की संभावना बन रही है। शिवपाल यादव ने अपने बेटे अक्षय यादव को बदायूं से चुनाव लड़ने की मांग पार्टी मुखिया से की है। इसमें धर्मेंद्र की भी सहमति है। अब केवल सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मंजूरी का इंतजार है।

# माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है : योगी

लखनऊ,एजेंसी



- मुख्यमंत्री ने देवबंद और कैराना में जनसभाओं को किया संबोधित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपनी सरकार में माफिया एवं अपराधियों पर की गयी सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए मतदाताओं से अपील की कि 'माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है।' योगी ने सहारनपुर के देवबंद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राघव लखनपाल और कैराना के भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के समर्थन में आयोजित अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

अपराधियों पर निशाना साधते हुए योगी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि इनके (माफिया) सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और समाजवादी पार्टी (सपा) दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ का नामोनिशान मिट गया है। । मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। बाकी जो बचे हैं स्वयं ही राम नाम सत्य की यात्रा पर निकल गये हैं। उन्होंने कहा कि यहां बड़े-बड़े धुरंधर हुआ करते थे और जब वे चलते थे तो मुख्यमंत्री और मंत्री के काफिले रुक जाते थे। हमने उनकी गर्मी को शांत कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है, उनको ये जातिवादी संगठन फिर से पैदा करना चाहते हैं। इन्हें पैदा नहीं होने देना है। ये रक्तबीज हैं, ये सामान्य नागरिक का जीना हराम करते हैं। योगी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के रूप में मैं सात साल में जितनी बार सहारनपुर आया हूं, उतना कोई मुख्यमंत्री 60 साल में भी नहीं आया होगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर को पश्चिम का काशी बनना था मगर पिछली सरकारों ने यहां देवबंद को मजहबी जुनून का अखाड़ा बनाकर रख दिया। इस्लामिक शिक्षा के प्रमुख केन्द्र देवबंद में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यहां फतवों के जरिए अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का काम किया जाता था तथा छोटी-छोटी सी बात को लेकर फतवा जारी होता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'वैक्सीन कैसे दी जाए-- इसे लेकर फतवा जारी होता था। यहां से अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का प्रयास किया जाता था। विकास की कोई चर्चा नहीं करता था। योगी ने कहा कि यह चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है तथा एक तरफ जातिवादी लोग हैं जबकि दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगाइयों को फिर से पनपने का अवसर नहीं देना है, क्योंकि यह जातिवादी दल राजनीति करके पहले दंगों और कर्फ्यू के आमंत्रण की एक शुरुआत करेंगे। इसके बाद बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बनेंगे, जो यहां के विकास को बाधित करने की साजिश का हिस्सा है।


## वर्ग पहेली-38

**बाएं से दाएं**

1. 1. निकालने की क्रिया या भाव 2. निकाले या बेदख़ल किए जाने का दंड, निष्कासन।
3. 1. रुई धुनने का औज़ार, फटका, कठेल, धनुआ, पीजन 2. बच्चों के खेलने का छोटा धनुष।
4. 1. भौचक्का होना, चकित या स्तंभित होना 2. व्यर्थ बोलना, बकना 3. रटना।
7. 1. वायुपरिवहन तथा उसका अभ्यास 2. वायुयान चलाने का विज्ञान, विमानशास्त्र, (एयरनॉटिक्स)।
8. दे. बेशर्मी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलक का झपकना 2. पलक झपकने भर का समय या क्षण, पल।
2. 1. गिनती करने की क्रिया, किसी क्रम विशेष में अंकों का उच्चारण, संख्या जानना 2. हिसाब लगाना, गणना करना 3. किसी को महत्व देना या महत्वपूर्ण समझना।
3. 1. पेट और छाती के मध्य का गहरा भाग 2. हृदय 3. भय या संकोच के कारण हृदय की तेज़ धड़कन, धकधक 4. आशंका, व्याकुलता 5. डर, भय 6. गले में पहना जाने वाला एक आभूषण।
5. 1. जिसका उपचार किया गया हो 2. सेवित, पूजित।
6. 1. प्रदर्शनी, दिखावा, दिखावट, (एग्ज़िविशन) 2. ठाठ-बाट, तड़क-भड़क 3. अद्भुत वस्तुओं का प्रदर्शन 4. वह स्थान जहां उक्त प्रकार की वस्तुएं लोगों को दिखाने के लिए रखी जाती हैं।



### वर्ग पहेली -37 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 त | क | 2 दी | र | ■ | 3 टो |
| ■ | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | ली |
| ■ | 4 प | ■ | ने | ■ | ■ | ■ |
| ■ | दा | ■ | 5 आ | ब | 6 पा | शी |
| 7 अ | नु | का | म | ■ | इ | ■ |
| ■ | रा | ■ | ■ | 8 ब | रे | ठा |
| 9 अँ | ग | ड़ा | ई | ■ | सी | ■ |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

### सुडोकू -116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग



**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 14 अप्रैल 12.49 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। दोपहर के बाद व्यवसाय से अच्छा धन लाभ हो सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से हलकापन महसूस करेंगे।

**वृष** — आज जरूरी काम लंबित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियां न निकालें। निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक हो सकती है। कुछ असंतोष की स्थितियां बन सकती हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों में कुछ दबाव सा महसूस करेंगे।

**मिथुन** — आज समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करने से आपको यश मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी कर सकता है। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

**सिंह** — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप परोपकार के कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं।

**कन्या** — आज राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आएगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आज युवा प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। बनते कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। माता-पिता या गुरुजनों की सलाह अवश्य लें। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें।

**वृश्चिक** — आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। गैरकानूनी कार्यों की तरफ रुचि लेना उचित नहीं है। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

**धनु** — आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यापारिक गतिविधियां उत्तम रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट संबंधी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा।

**कुंभ** — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यर्थ की गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मीन** — आज व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे।

## आज की फिल्में

**मेला**
दोपहर : 02.44

**जान से प्यारा**
रात : 07.00

**अल्लुडु एडर्स**
सुबह : 08.43

**शिवम**
शाम : 04.40

**जॉम्बीलैंड**
सुबह : 11.21

**लाइफ**
रात : 07.16

**हम साथ साथ हैं**
सुबह : 10.10

**यमला पगला दीवाना**
रात : 07.15

**वेल डन अब्बा**
सुबह : 09.15

**हम दो हमारे दो**
रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई, लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1880, राज श्री 1320, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1435, सचिन 1590, सूरज 1460, अवसर 1655, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1850 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 ।चीनी- डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 (नयी)।

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 86700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75150 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 56000-56200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 75,650 |
| सोना रवा | 75,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,600 |
| चांदी (999) | 81,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73200 |
| सिल्वर ( पक्की) | 812 (अनुमानित ) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,300 |
| चांदी आभूषण | 80,800 |

# मुनाफा वसूली से रिकॉर्ड स्तर से फिसला बाजार

## सेंसेक्स 793 अंक गिरा, निफ्टी के 45 शेयरों में दर्ज की गई गिरावट


मुंबई, एजेंसी

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 793 अंक से अधिक का गोता लगाया। निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 848.84 अंक यानी 1.13 प्रतिशत तक लुढ़ककर 74,189.31 अंक पर खिसक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से कुल 45 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार बंद होने के बाद टीसीएस ने मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने बीती तिमाही में शुद्ध लाभ 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 12,434 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर आय अनुमानों की चिंताओं के बीच भारतीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

### मॉरीशस से आने वाले निवेश के नियम सख्त होने से हाहाकार

**मुंबई।** मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए। इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए।




# डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स पर ट्राई ने सौंपी सिफारिशें

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल को प्रोत्साहित करने पर सिफारिशें सरकार को सौंप दी है जिसमें कहा है कि केंद्र सरकार, दूरसंचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने एवं सुविधाजनक बनाने और ऐसी अवधि के लिए एक या अधिक नियामक सैंडबॉक्स बना सकती है।


सरकार ने 5जी/6जी, मशीन टू मशीन कम्युनिकेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रियलिटी को देखते हुए, एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल का लाइव नेटवर्क में परीक्षण किया जा सके, या मौजूदा कार्यों व प्रक्रियाओं को परिष्कृत किया जा सके। इसको पूरा करने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 10 मार्च, 2023 को डिजिटल संचार उद्योग में नई सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और व्यापार मॉडल के लिए नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के संबंध में ट्राई की सिफारिशों का अनुरोध किया था।

# मालदीव रूफिया में भुगतान पर भारत से चर्चा कर रहा : मंत्री

**माले।** मालदीव अपनी मुद्रा रूफिया में आयात के भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा है। आर्थिक विकास मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि चीन से माल आयात को लेकर भी यही चर्चा जारी है। मालदीव सालाना भारत और चीन से क्रमशः 78 करोड़ तथा 72 करोड़ अमरीकी डॉलर का सामान आयात करता है।

समाचार पोर्टल एडिशनडॉटएमवी के अनुसार, 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की लामू एटोल की यात्रा के दौरान मावा द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में सईद ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल संसद में बहुमत हासिल करता है तो वे करीब दो वर्ष के भीतर डॉलर की दर को आधिकारिक बाजार मूल्यों पर वापस लाने में सक्षम होंगे। सईद ने कहा कि लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके।

उन्होंने कहा कि मालदीव किसी अन्य देश के साथ संबंध तोड़ने वाला देश नहीं है और एक ऐसा देश है जो व्यापार के लिए खुला है। मंत्री ने साथ ही खुलासा किया कि मालदीव ने सेंट्रल बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर को मालदीव आने के लिए आमंत्रित किया है। दोनों देशों के बीच मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर करने के प्रयास भी जारी हैं।




# 15.4 करोड़ तक जा सकता है घरेलू हवाई यात्री यातायात

नई दिल्ली, एजेंसी



घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह भी कहा कि एयरलाइंस की लागत में वृद्धि के मुकाबले राजस्व वृद्धि की क्षमता महत्वपूर्ण है, क्योंकि उससे ही उन्हें मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन खराब होने से जुड़े मुद्दे निकट भविष्य में प्रतिकूल स्थिति पैदा कर सकते हैं। इक्रा ने कहा कि 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 15.4 करोड़ रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### गठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में 16 को त्रिपुरा में रोड शो करेंगी प्रियंका

**अगरतला।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को यहां एक रोड शो में हिस्सा लेंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार बताया कि त्रिपुरा में दो संसदीय क्षेत्रों त्रिपुरा पश्चिम और त्रिपुरा पूर्व से विपक्षी 'इंडी' गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को अगरतला आने वाली हैं। वह दोनों संसदीय क्षेत्रों में और विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की लोगों से अपील करने के लिए रोड शो में हिस्सा लेंगी। बर्मन ने कहा कि कोई रैली नहीं होगी, लेकिन रोड शो के दौरान वह सूर्य चौमुहानी के पास भाषण देंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जबकि माकपा के पूर्व विधायक राजेंद्र रियांग पूर्व त्रिपुरा लोकसभा सीट से विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

### 21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली

**रांची।** झारखंड के रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है,उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा।

### कुपवाड़ा के जंगलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया कि कुपवाड़ा के गैंगबग वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। बीएसएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। बीएसएफ की विशिष्ट सूचना के आधार पर कुपवाड़ा के गैंगबग बन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।

### निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की 94 सीटों के लिए जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा।

### सीआईसी के आदेश में हस्तक्षेप करने से उच्च न्यायालय ने किया इनकार

# आरटीआई के तहत तीसरे पक्ष को नहीं दी जा सकती यात्रा संबंधी जानकारी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यात्रा से संबंधित जानकारी व्यक्तिगत प्रकृति की होती है और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत ऐसे विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं दिये जा सकते, जब तक कि यह व्यापक जनहित में न हो। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में मौत की सजा पाए दोषी एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी की याचिका खारिज कर दी गई थी।



सिद्दीकी ने एक जनवरी, 2006 से 30 जून, 2006 के बीच मुंबई हवाई अड्डे से हांगकांग या चीन तक मोहम्मद आलम गुलाम साबिर कुरैशी की 'विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय' (एफआरआरओ) या आव्रजन कार्यालय में दर्ज यात्रा प्रविष्टियों (प्रस्थान और आगमन) के संबंध में आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। उन्होंने सीआईसी के जनवरी 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की यात्रा की जानकारी व्यक्तिगत जानकारी है और इस तरह के विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं बताए जा सकते जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो। इस अदालत की राय है कि सीआईसी का यह दृष्टिकोण इतना विकृत नहीं है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप की जरूरत पड़े। याचिकाकर्ता ने आव्रजन ब्यूरो के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी के समक्ष एक आरटीआई आवेदन दायर किया था, जिसने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी थी कि विभाग को आरटीआई अधिनियम की धारा 24(1) और दूसरी अनुसूची के तहत कोई भी जानकारी प्रदान करने से छूट दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सीआईसी के समक्ष अपील दायर की लेकिन उसने भी इसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि सिद्दीकी तीसरे पक्ष की जानकारी मांग रहा था, जो अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत छूट की श्रेणी में है।

# 'आप' को सता रहा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने का डर



- दिल्ली की मंत्री आतिशी ने जताई आशंका, भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है।

आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राष्ट्रपति शासन का डर आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के किसी वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है। नौकरशाहों ने आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए मंत्रियों द्वारा बुलाई जाने वाली बैठकों में आना बंद कर दिया है।

उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के कामकाज को लेकर गृह मंत्रालय को पत्र लिख रहे हैं। बाद में आतिशी के मंत्रिमंडल सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने भी इसी अंदाज में अपनी बात कही। उन्होंने कहा, भाजपा और उपराज्यपाल दिल्ली में संवैधानिक संकट के बारे में बात कर रहे हैं। यह दिखाता है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश है।

### मनीष की अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उसी दिन मामले पर सुनवाई कर सकती है। सीबीआई के साथ ही ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया।

# कश्मीर में लोस चुनाव लड़ ले भाजपा, जमानत जब्त न हो जाए तो राजनीति छोड़ दूंगा : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को भाजपा को कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त नहीं हो गई तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर भाजपा को यहां विकास और सामान्य स्थिति होने के उसके दावों पर भरोसा है तो पार्टी को कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए। अगर प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसमें इतना असर है तो वे भाजपा के उम्मीदवार खड़े करें और पार्टी के नाम पर वोट मांगें। अगर हमने कुछ नहीं किया तो लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे। अगर लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे तो आप अपने भाषणों में लगातार हमारे नाम क्यों ले रहे हैं? इस स्थिति में आप हमारे खिलाफ आपकी एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं?

### यह आपातकाल 1975 से अधिक खतरनाक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है और यह 1975 के आपातकाल से भी अधिक खतरे में है। आपातकाल के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सामान्य शिकायत है कि इस समय हम जिस दौर से गुजर रहे हैं वो आपातकाल से भी खराब है।

# तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, हेरोइन और हथियार के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर, एजेंसी

- जयपाल भुल्लर गिरोह के सदस्य से बरामद की तीन किग्रा हेरोइन
- जबरन वसूली और हत्या के प्रयास में लिप्त है अभियुक्त

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने मादक पदार्थों के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात तस्कर जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद किए हैं।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि शहर में कुछ गिरोहों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसके बाद उन्होंने एक कार को वेरका मिल्क प्लांट सर्विस रोड की तरफ से आते देखा। पुलिस के कार रोकने के प्रयास के बावजूद, चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को रोक लिया, चालक की पहचान सारज उर्फ बाऊ पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव खिलचियां कदीम, थाना सदर फिरोजपुर के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 200 ग्राम हेरोइन मिली। आरोपी सारज से पूछताछ दौरान हुए खुलासे के बाद की जांच में दो .32 बोर पिस्तौल और चार कारतूस के साथ 2.8 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी हुई। साथ ही यह भी पता चला कि सारज पर जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मामले लंबित थे।

# महिला विरोधी है कांग्रेस की सोच : कंगना

कुल्लू/मनाली, एजेंसी

हिमाचल में मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ओर से मंडी से पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका।

मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। कंगना ने कहा कि एक 'पप्पू' दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा 'पप्पू' हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लड़ूंगी और बार बार जीतूंगी। कांग्रेस की महिला विरोधी और रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी।



### मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे ठाकुर, भारत ही छोड़ दूंगी

**मनाली।** मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर ठाकुर को खुली 'चुनौती' दे डाली है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। कंगना ने भरी सभा में मंच से कहा कि वह ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे तो 'मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी।' असल में हुआ यूं कि श्री सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा कि कंगना मुंबई से यहां आती है धीन चक ढीन चक कर के चली जाती है वह राजनीति क्या जानें। इस पर कंगना ने सीधा हमला कर खुला 'चैलेंज' दे डाला है।

# पोक्सो मामले में सीआईडी के समक्ष हुए पेश येदियुरप्पा

बेंगलुरु, एजेंसी



कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा शुक्रवार को अपने खिलाफ पोक्सो अधिनियम मामले में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश हुए। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर कर्नाटक क प्रमुख भाजपा नेता येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

यह घटना कथित तौर रूप से दो फरवरी को हुई, जब लड़की और उसकी मां येदियुरप्पा के घर गई थी। शुरू में सदाशिवनगर पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया और बाद में जांच के लिए सीआईडी को सौंप दिया गया। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया, हालांकि, सीआईडी ने जांच में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें येदियुरप्पा को पूछताछ के लिए तलब करना और फोरेंसिक जांच के लिए उनकी आवाज के नमूने एकत्रित करना शामिल है। आवाज के नमूने कथित रूप से महत्वपूर्ण सबूत हैं, विशेषकर तब जब शिकायतकर्ता ने कथित घटना के बाद येदियुरप्पा से मिलने का एक मोबाइल रिकॉर्ड वीडियो प्रदान किया है।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

# राजस्थान को पंजाब के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है।

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय:** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

## साथियान और मनिका को नहीं मिला ओलंपिक कोटा

**चेकिया।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली।

## खेल डायरी

### भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में चौथी बार हारी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए।

### आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारीं

**नयी दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 2-3 से हार गईं। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एक घंटे से अधिक चला मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

### भारत ने बिली जीन किंग कप में द. कोरिया को हराया

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। शुक्रवार को चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

### कैंडिडेट्स शतरंजः गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं । रूस के इयान नेपोम्नियाशिच के 4 .5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढ़त बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।

### आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

**मोनाको।** दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की 6 विकेट से हार

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुलदीप यादव ने लिए तीन विकेट, जैक फ्रेजर ने 55 और कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों की पारी खेली



कुलदीप यादव

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को छह विकेट से हराया। लखनऊ को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रन का योगदान दिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाये।

इकाना स्टेडियम पर एक समय 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर लखनऊ की टीम संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी और 13वे ओवर में स्कोरबोर्ड पर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 94 रन हो गया था मगर बडोनी ने अरशद खान ( 20 नाबाद) के साथ 73 रनों की पार्टनरशिप कर न सिर्फ पारी को संवारा बल्कि आखिरी ओवरों में बाउंड्री की मदद से दिल्ली के लिये 168 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया। बडोनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में महज 35 गेंद खेल कर पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर उनके जोड़ीदार अरशद ने 16 गेंद खेल कर दो बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इससे पहले डिकॉक और राहुल की तेज पारियों की बदौलत एलएसजी पहले पांच ओवर के खेल में आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरने में सफल रही थी और सातवें ओवर में एलएसजी के स्कोरबोर्ड पर दो विकेट 66 रन टंग चुके थे लेकिन पारी के आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों में मार्कस स्टॉयनिस (8) और निकोलस पूरन (0) को चलता कर एलएसजी को बैकफुट में ढकेल दिया। इस बीच केएल राहुल को कुलदीप ने विकेट के पीछे आउट कराकर अपना तीसरा शिकार बनाया। हालांकि मैदानी अंपायर ने उन्हे नाट आउट करार दिया था मगर दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत ने डीआरएस लिया और टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर को अपना फैसला पलटने को कहा। राहुल ने पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रनों का योगदान दिया। दीपक हुड्डा (10) अनुभवी तेज गेंदबाज इंशात शर्मा के शिकार बने जबकि कृणाल पांड्या (3) को मुकेश कुमार ने अपना शिकार बनाया। इससे पहले खलील अहमद ने क्विंटन डिकॉक और देवीदत्त पड्डिक्कल (3) का विकेट झटका था।



जैक फ्रेजर मैकगुर्क

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.436 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

### लखनऊ 167/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक पगबाधा खलील | 19 | 13 | 4/0 |
| लोकेश राहुल का पंत बो कुलदीप | 39 | 22 | 5/1 |
| देवदत्त पडिक्कल पगबाधा खलील | 03 | 06 | 0/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का इशांत बो कुलदीप | 08 | 10 | 1/0 |
| निकोल्स पूरन बो कुलदीप | 00 | 01 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का वार्नर बो ईशांत | 10 | 13 | 0/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 | 35 | 5/1 |
| कृणाल पंड्या का पंत बो मुकेश | 03 | 04 | 0/0 |
| अरशद खान नाबाद | 20 | 16 | 2/0 |

**गेंदबाजी:** खलील अहमद 4-0-41-2, ईशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3

### दिल्ली 170/4 — 18 .1 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का पूरन बो बिश्नोई | 32 | 22 | 6/0 |
| डेविड वार्नर बो यश | 08 | 09 | 1/0 |
| जैक का अरशद बो नवीन-उल-हक | 55 | 35 | 2/5 |
| ऋषभ पंत स्टंप राहुल बो बिश्नोई | 41 | 24 | 4/2 |
| स्टब्स नाबाद | 15 | 09 | 0/1 |
| होप नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |

**गेंदबाजी:** अरशद 3 .1-0-34-0, नवीन उल हक 3-0-24-1, यश 4-0-31-1, क्रुणाल 3-0-45-0, बिश्नोई 4-0-25-2, स्टोइनिस 1-0-10-0

# निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरीकॉम

- **आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर बताया**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरीकॉम ने पत्र लिखकर जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरीकॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा ,''देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।'' उन्होंने कहा,''इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने एक बयान में कहा ,'' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी।'' उन्होंने कहा ,'' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।''

## चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**वेलिंग्टन।** चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

# लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन प्रतिबंधित

- **स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी ) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है।

## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आयेंगे। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे" का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ इस फिल्म में रिचा दिक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे हैं। फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह उनकी शानदार फिल्मों की श्रेणी में एक और नई फिल्म है जो यकीनन रिलीज के बाद दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन टीम के साथ मजेदार फिल्म करना किसे पसंद नहीं है। मेरी भूमिका बेहद खास है और इस फिल्म के संवाद गाने भी दर्शकों को दिलों को छू लेने वाले हैं तो मुझे लगता है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, बवाल करेगी। बड़े पर्दे के साथ-साथ टीवी पर भी इस फिल्म को लोग पसंद करेंगे। फिलहाल इस फिल्म की कहानी के बारे में डिस्कस नहीं कर सकता लेकिन मेरी गारंटी है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, दर्शकों को बेशुमार मनोरंजन देगी। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे हैं। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी हैं।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दिक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

## 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी है। पिछले एक महीने तक फ़िल्म डंस की शूटिंग उत्तरप्रदेश के चंदौली और आसपास में हो रही थी जहां के जंगलों और गांव देहात में फ़िल्म का एक बड़ा भाग शूट किया गया है। अब फ़िल्म के बचे हुए शेष भाग की शूटिंग मुम्बई में हो रही है। फ़िल्म निर्माता सुधीर सिंह की स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म डंस के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, स्वेता, शाहवर अली, समर्थ चतुर्वेदी,पप्पू यादव, देव सिंह, महेश आचार्य, विजया लक्ष्मी, स्वेता नवल, जे नीलम, जे पी सिंह, गौरी शंकर, आर्यन बाबू, माही खान हैं। वहीं फ़िल्म डंस का निर्देशन धीरज ठाकुर कर रहे हैं।

# अक्षय कुमार और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड कमाए 36 करोड़



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36 .33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

